

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org

twitter.com/JaipurTimes2

dainikjaipurtimes

youtube.com/c/JaipurTimes

instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 14 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 3 फरवरी, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2


## बिखरने लगा आप दा का ताना-बाना

# दिल्ली में बदलाव की बयार शुरू, महिलाओं के खाते में आएंगे 2500 रुपए: मोदी

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी अंतिम रैली में आप सरकार पर शब्दों का प्रहार करने के साथ ही, संकल्प पत्र में किए गए वादों को मोदी की गारंटी बताकर उसे पूरा करने का विश्वास दिया। आठ फरवरी को भाजपा की सरकार बनने पर महिलाओं के बैंक खाते में विश्व महिला दिवस तक 2500 रुपए भेजने की घोषणा की। उन्होंने केंद्रीय बजट में 12 लाख तक आयकर छूट सहित मध्यम वर्ग, कर्मचारियों, व्यापारियों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों व गरीबों के लिए किए गए प्रविधान की जानकारी देकर उन्हें साधने का प्रयास किया। बजट में बिहार के लिए हुई घोषणाओं को भी मंच से उठाया, क्योंकि दिल्ली में बड़ी संख्या में पूर्वांचली रहते हैं।

### आप-दा आई तो पांच वर्ष और बर्बाद हो जाएंगे

आरके पुरम में मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए चौथी व अंतिम चुनावी रैली को संबोधित किया। अरविंद केजरीवाल व उनके सहयोगी मोदी सरकार पर दिल्ली की आप सरकार को काम नहीं करने देने का आरोप लगाते हैं। इसका जवाब देते हुए कहा कि आप-दा पार्टी ने दिल्ली के 11 वर्ष बर्बाद कर दिए हैं। दिल्ली को लड़ाई-झगड़े व बहाने बनाने वाली नहीं सेवा करने और दिल्ली को संवारने में ऊर्जा लगाने वाली सरकार चाहिए। दिल्लीवालों ने अगले पांच वर्षों के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना दी है। गलती से भी यहां आप-दा सरकार आ गई तो दिल्ली के पांच और वर्ष बर्बाद हो जाएंगे।



### दिल्ली में विकास का वसंत आने वाला है

उन्होंने कहा कि वसंत पंचमी से मौसम बदलना शुरू हो जाता है। पांच फरवरी को दिल्ली में विकास का नया वसंत आने वाला है। दिल्लीवासी इस बार मोदी को सेवा का मौका दें। मोदी की गारंटी है कि वह उनकी परेशानी दूर करने के लिए अपने आप को खपा देगा। मतदान से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखरने लगे हैं। जनता में आप-दा के प्रति भारी नाराजगी देख इसके नेता पार्टी छोड़ रहे हैं।

### दिल्ली में एक भी झुग्गी नहीं टूटेगी

पीएम ने कहा कि दिल्लीवासियों के गुस्से से घबराकर आपदा पार्टी प्रत्येक घंटे झूठी घोषणा कर रही है। लेकिन, उनकी झूठ का नकाब उतर चुका है। एक तरफ आपदा की झूठी घोषणाएं हैं तो दूसरी तरफ मोदी की गारंटी है। आपदा वाले लोगों में भ्रम फैला रहे हैं। दिल्लीवासियों को उनसे सावधान रहना होगा। मोदी की गारंटी है कि भाजपा की सरकार बनने पर दिल्ली में एक भी झुग्गी नहीं टूटेगी। जनकल्याण की योजनाएं भी जारी रहेगी। भाजपा के संकल्प पत्र में महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देने का वादा किया गया है। आठ मार्च को महिला दिवस है और उससे पहले दिल्ली के महिलाओं के खाते में पैसे आ जाएंगे। मोदी की गारंटी पर महिलाओं को कारोबार करने के लिए दो करोड़ तक का आसान ऋण मिलेगा।

### सभी के घर में अतिरिक्त पैसा आएगा

पीएम ने कहा कि सरकारी व निजी कर्मचारियों, पेंशन धारक बुजुर्गों, दुकानदारों सभी के घर में अतिरिक्त पैसा आएगा। आठवें वेतन आयोग से सरकारी कर्मचारियों व पेंशन धारक बुजुर्गों को वेतन व पेंशन बढ़ने के साथ ही आयकर में भी छूट मिलेगी। खर्च करने की उनकी क्षमता बढ़ने से व्यापारियों का कारोबार बढ़ेगा। गिग वर्कर्स को श्रम पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा दी गई है। इससे पांच लाख तक निश्शुल्क उपचार व अन्य सुविधाएं मिलेगी।

### देश में पहली बार मध्यम वर्ग को बड़ी राहत

पीएम ने कहा कि मैंने विकसित भारत के निर्माण के लिए गरीब, किसान, नौजवान व नारी शक्ति को मजबूत करने का वादा किया था। केंद्र सरकार का बजट इसे पूरा करने की गारंटी है। पिछले वर्षों में गरीबों को मुफ्त अनाज, मुफ्त इलाज व पक्का घर देने सहित कई सुविधाएं दी गई है। भारत की आर्थिक शक्ति और नागरिकों की कमाई बढ़ रही है। पहले लोगों की कमाई भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ जाती थी। अब देशवासियों के कल्याण में यह पैसा लगा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में मध्यम वर्ग का बहुत बड़ा योगदान है। 12 लाख रुपये तक की आय को आयकर से मुक्त करने से मध्यम वर्ग के लोगों के हजारों रुपये बचेंगे। नेहरू सरकार में 12 लाख पर आय होने पर इसका एक चौथाई, इंदिरा गांधी की सरकार में 10 लाख रुपये और 10 वर्ष पहले 2.60 लाख रुपये आयकर देना पड़ता था। अब उन्हें एक रुपया भी आयकर नहीं देना होगा।

### पूर्वांचल के विकास के लिए कार्य कर रही सरकार

प्रधानमंत्री ने कहा कि जंगल राज वाले और कांग्रेस ने पूर्वांचलियों को नजरअंदाज किया। भाजपा उनके विकास के लिए काम कर रही है। बिहार में मखाना बोर्ड के गठन व आधारभूत ढांचे के विकास की घोषणा से आपदा व कांग्रेस वालों परेशान हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा लोगों की आय बढ़ा रही है। वहीं, आपदा वालों ने लोगों के जीवन को मुश्किल बना दिया है। वायु प्रदूषण व दूषित पेयजल आपूर्ति से लोग बीमार हो रहे हैं।



कैमरी में भगवान जगदीश के लख्खी मेले में की शिरकत

# किसान, मजदूर, युवा व महिला उत्थान से ही देश का उत्थान: भजनलाल

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुताबिक देश में चार ही जातियां- किसान, मजदूर, युवा व महिला हैं। इन चारों जातियों के उत्थान से ही देश और प्रदेश का उत्थान होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को समृद्ध और खुशहाल बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए हमने सरकार का गठन होते ही कृषि के लिए दो प्रमुख आवश्यकताओं बिजली और पानी पर विशेष ध्यान दिया है। शर्मा ने कहा कि विकास के साथ विरासत का भी संरक्षण करते हुए हम आस्था धामों के विकास के लिए भी कार्य कर रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न मंदिरों के जीर्णोद्धार और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने रविवार को करौली जिले के कैमरी में आयोजित भगवान जगदीश जी के लक्खी मेले में शिरकत की और किसान सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 100 करोड़ रुपए की लागत से खाटूश्याम मंदिर में विकास कार्य करवा रही है और पूंछरी का लौठा को भी विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृष्ण गमन पथ के तहत जगदीश धाम मंदिर का भी विकास किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कैमरी में बालिकाओं के लिए आवासीय विद्यालय खोलने और पशु उप स्वास्थ्य केन्द्र को पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने का भी आश्वासन दिया।

**किसानों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होंगे बिजली-पानी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान भाईयों को कृषि के लिए पानी तथा बिजली उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हम पूर्वी राजस्थान के लिए महत्वपूर्ण 'राम जलसेतु लिंक परियोजना' पर तेजी से काम कर रहे हैं। इससे करौली सहित प्रदेश के 17 जिलों की आबादी को पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही शेखावटी क्षेत्र को पानी उपलब्ध कराने के लिए यमुना जल समझौता, उदयपुर संभाग के लिए देवास परियोजना तथा माही डेम परियोजना को आगे बढ़ाने व इन्दिरा गांधी नहर को पक्का करने जैसे कदमों से हमारे किसान भाईयों को सिंचाई के लिए पानी की कोई कमी नहीं रहेगी। शर्मा ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णयों से किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध हो सकेगी। इससे किसान भाई शाम तक खेतों में कार्य समाप्त कर अपने घर लौट सकेंगे।

## न्यूज इनबॉक्स

### भारत इंडोनेशिया के रिश्ते हजारों साल पुरानी साझा संस्कृति और इतिहास पर आधारित: मोदी

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच रिश्ते सिर्फ भू-राजनीतिक नहीं हैं, बल्कि हजारों साल पुरानी साझा संस्कृति और इतिहास पर आधारित हैं और दोनों देशों में विविधता में एकता की परंपरा है। पीएम मोदी ने यह टिप्पणी इंडोनेशिया के जकार्ता में श्री सनातन धर्म आलयम के महाकुंभभिषेकम को



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए खुशी की बात है कि मैं जकार्ता में मुरुगन मंदिर के महाकुंभभिषेकम का हिस्सा बना हूं। मैं जकार्ता से दूर हूं, लेकिन मेरा मन इसके करीब है, जैसे भारत और इंडोनेशिया एक-दूसरे के करीब हैं...मैं महाकुंभभिषेकम के अवसर पर वहां के सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भारत से 140 करोड़ भारतीयों का प्यार लेकर गए थे। उन्होंने कहा कि अपने राष्ट्रपति के माध्यम से इंडोनेशिया के लोगों को हर भारतीय की शुभकामनाओं का अनुभव हो रहा होगा।

### 54 फीसदी ने दी आरएएस प्री परीक्षा

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को राजस्थान राज्य व अधीनस्थ सेवाएं प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का आयोजन हुआ। भर्ती परीक्षा का आयोजन से दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक जयपुर शहर के 240 केन्द्रों पर हुआ। जिसमें कुल 91 हजार 513 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जयपुर शहर के केन्द्रों पर 54.41 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने अपनी मेहनत व किस्मत को आजमाया। जयपुर में कुल पंजीकृत 91 हजार 513 अभ्यर्थियों में से 49 हजार 794 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं, 41 हजार 719 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने परीक्षा के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार जताया है।

# जयपुर मैराथन में दौड़े 25 देशों के धावक

**एक लाख से अधिक रनर्स एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में दिखे**

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने धावकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बहुत जरूरी हैं। अगर, शरीर स्वस्थ रहेगा तो मन भी स्वस्थ रहेगा। राजस्थान शक्ति और भक्ति का प्रदेश है। हम सब मिलकर राजस्थान को आगे ले जाएंगे। मौका था 16वीं एयू जयपुर मैराथन का, जहां रविवार को एक लाख से अधिक रनर्स एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में दिखे। मारवाड़ी ढोल-नगाड़ों की थाप के बीच सुबह 3 बजे शुरू हुई मैराथन में डे/नाइट मैराथन का सर्द अहसास देखने को मिला।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने धावकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बहुत जरूरी हैं। अगर, शरीर स्वस्थ रहेगा तो मन भी स्वस्थ रहेगा। राजस्थान शक्ति और भक्ति का प्रदेश है। हमारी सरकार ने सत्ता में आते ही महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय खोला है।


इसके अलावा पांच साल में चार लाख सरकारी नौकरियां देने और अगले साल खेलो इंडिया के आयोजन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर राजस्थान को आगे ले जाएंगे। आयोजक पं. सुरेश मिश्रा ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए फिटनेस के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हैं और प्रदेश की जनता को भी समय-समय पर खेल और फिटनेस के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था की ओर से एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से, आवास फाइनेंस (पावर्ड बाय) और आईएनए सोलर (को-पावर्ड बाय) आयोजित 16वीं एयू जयपुर मैराथन में 25 देशों के धावकों ने भाग लिया। फीमेल कैटेगरी में सीमा और मेल कैटेगरी में मानव शर्मा ने फुल मैराथन अपने नाम की। इस दौरान दो विश्व रिकॉर्ड भी बने। मैराथन में दिव्यांग, बुजुर्ग प्रतिभागियों, 100 से ज्यादा ब्यूरोक्रेट्स सहित कई ग्रुप्स ने भी भाग लिया।

# सूर्यसप्तमी पर राजस्थान में आज बनेगा सूर्य नमस्कार का रिकॉर्ड!

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। राजस्थान में सोमवार को सूर्य सप्तमी के पूर्व दिवस पर एक बार फिर इतिहास रचा जाएगा। प्रदेशभर के राजकीय व निजी विद्यालयों में बच्चे, शिक्षक व आमजन एक साथ सूर्य नमस्कार कर भारतीय पारंपरिक योग प्रणाली से स्वस्थ जीवन जीने का संदेश देंगे। पिछले वर्ष राज्य में 1.33 करोड़ विद्यार्थियों ने एक साथ सूर्य नमस्कार कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। पिछले वर्ष के रिकॉर्ड को देखते हुए इस बार के आयोजन में और अधिक उत्साह देखने को मिलेगा। राज्य के सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों में प्रातः 9 बजे एक साथ सूर्य नमस्कार रखा गया है। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर स्वयं एसएमएस स्टेडियम के फुटबॉल मैदान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार करेंगे। शिक्षामंत्री ने सभी प्रदेशवासियों से सूर्य नमस्कार



कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की है।

**नया कीर्तिमान स्थापित करने की तैयारी**

राजस्थान की नजर इस बार पुराना रिकॉर्ड तोड़कर नया विश्व रिकॉर्ड कायम करने पर है। पिछली बार आयोजन में 78,974 विद्यालयों के 1.33 करोड़ विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इस बार सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्कूल स्टाफ, एसएमसी, एसडीएमसी के सदस्यों के साथ अभिभावक एवं आमजन भी इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनेंगे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निर्देशानुसार इस बार कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को भी सूर्य नमस्कार का भागीदार बनाया जाएगा। छोटे बच्चों को यथा शक्ति सूर्य नमस्कार के दो से तीन चरण ही कराए जाएंगे। अन्य सभी इसके 10 चरण करेंगे। प्रदेश के सभी विद्यालयों में इसके लिए एक सप्ताह पहले से ही सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया जा रहा है। बीमार या ऐसे विद्यार्थी या शिक्षक या अभिभावक, जो हाल में किसी शल्य प्रक्रिया से गुजरे हों, वे इसका हिस्सा नहीं होंगे।

**योग एक्सपर्ट करेंगे विद्यालयों का सहयोग**

क्रीड़ा भारती संस्था सूर्य नमस्कार में सभी विद्यालयों एवं शिक्षक संस्थाओं का सहयोग करेगी। संस्था से जुड़े एक्सपर्ट विद्यालयों में व्यक्तिगत तौर पर सूर्य नमस्कार का वैज्ञानिक महत्व बताएंगे। साथ ही नमस्कारासन, हस्तोत्तानासन सहित योग की सभी क्रियाओं को लाइव करके समझाएंगे, ताकि प्रतिदिन विद्यालयों में प्रार्थना सभा के वक्त इसका अभ्यास कराया जा सके। सूर्य नमस्कार एक यौगिक प्रक्रिया है जिससे शारीरिक लाभ तो मिलते ही हैं, यह मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर करती है। 12 आसनों की इस प्रक्रिया में आसनों के साथ श्वास-प्रश्वास के भी नियम निर्धारित होते हैं जिससे सूर्य नमस्कार करने वाला व्यक्ति निरोगी व तेजस्वी बनता है। योगाचार्यों के अनुसार सूर्य नमस्कार अपने आपमें संपूर्ण व्यायाम है। बच्चों के लिए भी शारीरिक बल व बुद्धि को तीक्ष्ण बनाने वाला यह अभ्यास एक वरदान के समान है।

# दिल्ली चुनावों से पहले डोला कांग्रेस का मन, बनाई ईगल टीम

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी.)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से पहले कांग्रेस ने बड़ा एलान किया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे न ईगल टीम की घोषणा की है। ये टीम देश में होने वाले चुनावों के परिणाम और वोटर लिस्ट का विश्लेषण करेगी और इस संबंध में रिपोर्ट बनाकर हाईकमान को देगी। पार्टी का कहना है कि टीम का गठन चुनाव को निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए किया गया है। कई दिग्गज नेता शामिल

इस टीम में 8 सदस्य शामिल किए गए हैं। अजय माकन, दिग्विजय सिंह, अभिषेक सिंघवी, प्रवीण चक्रवर्ती, पवन खेड़ा, गुरदीप सिंह सपल, नितिन राउत, चल्ला वामशी चंद रेड्डी इसके



सदस्य हैं। पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 'EAGLE' टीम को सबसे पहले महाराष्ट्र चुनाव में वोटर लिस्ट से जुड़ा मामला सौंपा गया है, जिसकी रिपोर्ट पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को सौंपी जाएगी। इसके बाद पिछले अन्य चुनावों का भी विश्लेषण किया जाएगा और आगामी चुनावों को भी मॉनीटर किया जाएगा।

**महाराष्ट्र चुनाव पर उठाए सवाल**

कांग्रेस कई मौकों पर महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों पर संदेह जता चुकी है। पार्टी ने वोटों की हेराफेरी, अचानक मतदान बढ़ जाने और ईवीएम की बैटरी डिस्चार्ज नहीं होने जैसे कई आरोप लगाए थे। बता दें कि राहुल गांधी ने पिछले महीने आरोप लगाया था कि देश की चुनाव प्रणाली में एक गंभीर समस्या है और चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि चुनावों में पारदर्शिता हो।

**राहुल ने लगाए थे आरोप**

महाराष्ट्र चुनाव का जिक्र करते हुए राहुल ने कहा था कि कांग्रेस और विपक्ष महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों की मतदाता सूची मांग रहे हैं, जिसे चुनाव आयोग उपलब्ध कराने से इंकार कर रहा है। उन्होंने मांग की थी कि चुनाव आयोग इस मुद्दे पर सफाई दे। राहुल ने 15 जनवरी को पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन पर कहा था कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच लगभग एक करोड़ मतदाताओं की वृद्धि हुई है, लेकिन चुनाव आयोग विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब नहीं दे रहा है, न ही मतदाताओं की सूची दे रहा है।

# मरूधरा में फिर बरसेंगे मेघ, छाए बादल

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने लगा है। बीते दिन राज्य के कई शहरों में बादल छाए रहने से धूप की तीव्रता कम रही, जिससे दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई और हल्की ठंडक महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके प्रभाव से 3 और 4 फरवरी को राज्य के कुछ हिस्सों में मेघगर्जना के साथ हल्की बारिश हो सकती है। बीते 24 घंटों में राजस्थान के जयपुर, सीकर, अलवर समेत कई शहरों में बादल छाए रहे और दोपहर के बाद ठंडी हवाओं ने ठंडक बढ़ा दी। मौसम में आए इस बदलाव से प्रदेश के कई हिस्सों में सुबह और शाम के तापमान में भी गिरावट देखी गई, जिससे सर्दी बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में



राजस्थान के तापमान में हल्की गिरावट बनी रह सकती है। 3-4 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जयपुर, अजमेर, बीकानेर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। इस दौरान बादल छाने से दिन के तापमान में थोड़ी गिरावट हो सकती है, लेकिन बारिश ज्यादा व्यापक नहीं होगी। हल्की बारिश और ठंडी हवाओं का असर फसलों पर भी पड़ सकता है। जिन इलाकों में गेहूं, सरसों और अन्य रबी फसलों की खेती हो रही है, वहां अधिक बारिश से फसलों को नुकसान होने की आशंका है।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
3 फरवरी, 2025



## खेड़ापति ज्वेलर्स का हुआ शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

अलवर(निसं.)। नई पहल के साथ खेड़ापति ज्वेलर्स का शुभारंभ कार्यक्रम हुआ जिसमें खेड़ापति ज्वेलर्स हॉलमार्क ज्वेलरी खरीदने वाले ग्राहकों को तुलसी का पौधा कपड़े का थैला दिया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में बाबा हीरानाथ आश्रम के महंत रूपनाथ जी महाराज के साथ-साथ पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा, संयुक्त व्यापार महासंघ के हरमीत सिंह, सराफा व्यापार कमेटी के अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष रजनीश जैमन, आकाश मिश्रा व अन्य आमजन उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी पर भगवान जगन्नाथ व खाटू श्यामजी का हुआ अलौकिक श्रृंगार

जयपुर टाइम्स

राजगढ़(निसं.)। बसंत पंचमी के पावन पर्व पर कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर को आकर्षक पीले फूलों से सजाया गया। साथ ही श्री जगन्नाथ जी महाराज को नवीन पोशाक धारण कराई गई। मंदिर महंत पूरण दास व एडवोकेट मदन मोहन शास्त्री ने बताया कि वर्ष में एक बार ही बसंत पंचमी के पावन पर्व पर श्री खाटू श्याम बाबा का बागा वस्त्र वितरण किया जाता है। इस मौके पर प्रातः काल से ही भक्तों ने मंदिर



में पहुंचकर श्री जगन्नाथ जी महाराज और खाटू श्याम बाबा के दर्शन किये। प्रातः 8़15 बजे बसंत महोत्सव के तहत खाटू श्याम बाबा की महाआरती की गई। जिसमें सैकड़ो भक्तों ने श्री जगन्नाथ जी महाराज और बाबा श्याम के दर्शन किये, आरती के पश्चात पीले चावलों का भोग जगन्नाथ जी महाराज और खाटू श्याम बाबा को लगाकर प्रसाद भक्तों में वितरित किया गया। इस मौके मंदिर महंत पूर्ण दास, एडवोकेट मदन मोहन शास्त्री, पंडित रोहित शर्मा, मुकुल बढ़ाया, अरुण शर्मा, अभिषेक गुप्ता, पवन पटवा, लोकेश जैन, हरिओम गुप्ता, तारा सोनी, सुभाष शर्मा, राजेंद्र सर्राफ, पारस सर्राफ आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पुलिस ने किया नकबजनी की वारदात का खुलासा



### एक महिला आरोपी गिरफ्तार, 15 लाख की नकदी व जेवर बरामद

जयपुर टाइम्स

अलवर(निसं.)। जिले के थाना नौगांवा पुलिस ने 15 लाख नगद व जेवरात की नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक अलवर संजीव नैन ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस महानिदेशक राजस्थान जयपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक जयपुर के निर्देशन वांछित अपराधियो की धरपकड अभियान के तहत नकबजनी का खुलासा करते हुए अजीतसिंह उ0नि0 थानाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी महिला ने पूछताछ मे बताया कि उनका तरीका वारदात मे आरोपिया महिला एवं उसके प्रेमी नानक राम द्वारा मिलकर 15 लाख रुपये नगद व चांदी के जेवरात को चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से रू15 लाख की नगदी एवं चांदी के चोरी हुए जैवरात बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि महिला का अपना अधिकारी कार्ड में एक मामला बड़ौदामेव थाने में दूसरा मामला खुशखेड़ा जिला भिवाड़ी का दर्ज है। मामले का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम में अजीतसिंह एसआई थानाधिकारी मुसद्दीलाल एएसआई, गिरधारी लाल एचसी नं. 109 रामगोपाल कानि0 नं. 688, महेशकानि0 नं. 1485, सुरैना महिला कानि0 नं. 1194 थाना नौगावां जिला अलवर शामिल रहे।

# पांच दिवसीय जोनल खेल उत्सव का आयोजन कराना खेलों को बढ़ावा देना और स्वास्थ्य कर्मियों में खेल भावना विकसित करना है-डीन प्रो. डॉ. असीम दास

## ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं एलआईईटी कॉलेज परिसर में संयुक्त रूप से होगा खेलों का आयोजन

जयपुर टाइम्स

अलवर(निसं.)। खेलों को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य कर्मियों में खेल भावना विकसित करने के उद्देश्य से ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल अलवर दवारा खेली इंडिया मुहिम के तहत 3 से 7 फरवरी तक पांच दिवसीय जोनल खेल उत्सव का आयोजन ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं एलआईईटी कॉलेज परिसर में संयुक्त रूप से किया जाएगा। जहां कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, एमआईए अलवर के द्वारा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में ग्यारह राज्यों के ईएसआईसी संस्थानों से 551 प्रतिभागी भाग लेगे, जिनमें डॉक्टर, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे।

ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अलवर के डीन प्रोफेसर डॉ. असीम दास ने बताया कि इस प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स मीट में राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात और छत्तीसगढ़ राज्य में ईएसआईसी के विभिन्न क्षेत्रीय एवं उपक्षेत्रीय कार्यालयो



शाखा कार्यालयो अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों की कुल 11 टीमें भाग लेगी। इस दौरान खेल उत्सव में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बेडमिटिन, टेबल टेनिस, शतरंज एवं कैरम बोर्ड जैसे खेलों में ईएसआईसी पश्चिमी क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस को ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अलवर के डीन प्रोफेसर डॉ. असीम दास व अभिलाषा झा अध्यक्ष, स्पोर्टस बोर्ड (पश्चिम क्षेत्र) एवं क्षेत्रीय निदेशक, मुंबई (महाराष्ट्र) ने संबोधित किया है। उन्होंने बताया इसमें गोवा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व कई स्थानों से टीम आ रही है। उन्होंने बताया इस परिसर के अंदर कई खेल खेले जाएंगे और 7 तारीख को इसका समापन किया जाएगा तथा वहीं खेलों के बारे में उन्होंने कई जानकारियां दी।

उन्होंने बताया कि आउटडोर खेलों का आयोजन एलआईईटी कॉलेज परिसर, चिकानी, अलवर में किया जाएगा। इनडोर खेलों का आयोजन ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, एमआईए, अलवर के इनडोर स्टेडियम में संपन्न होगा। इस प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स मीट में राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात और छत्तीसगढ़ राज्यों में कार्यरत ईएसआईसी के विभिन्न क्षेत्रीय एवं उप क्षेत्रीय कार्यालयों, शाखा कायर्यालयों अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों की कुल 11. टीमें भाग लेगी। इस दौरान क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज एवं कैरम बोर्ड जैसे खेलों में ईएसआईसी पश्चिम क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## बंसत पंचमी के पावन अवसर पर रामचरित मानस पाठ हुआ सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

अलवर(निसं.)। श्री अयोध्याधाम आश्रम, जयपुर रोड पर 2 फरवरी को बंसत पंचमी के पावन अवसर पर श्री रामचरित मानस पाठ का समापन व प्रसादी वितरण का आयोजन हुआ। आश्रम के महंत श्री श्री 108 श्री गंगा दास वेदांती जी महाराज के सानिध्य में 1 फरवरी को वैदिक मंत्रोचार के साथ विधि विधान से पूजन व मुख्य यजमान के रूप में क्षितिज माथुर, आशिमा माथुर एवं ब्रजमोहन शुक्ला ने किया। पंडित श्री कृष्णअवतार शर्मा, देवी सिंह, लक्ष्मीनारायण, कैलाश शर्मा एवं अन्य भक्तजनों ने रामायण पाठ किया। आश्रम के मंहत श्री श्री 108 गंगा दास वेदांती जी महाराज ने बताया कि 6 ऋतुओं में बंसत ऋतु प्रथम गिना जाता है। बंसत ऋतु से ही श्री ठाकुर जी को होली उत्सव प्रारम्भ हो जाते हैं। आश्रम के सभी भक्तजन सनातन धर्म के अराध्य देव देवी देवताओं का विधि विधान से पूजन अर्चना हवन महाआरती के पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से रिपूदमन सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, भैरो सिंह, होती लाल, कपिल शर्मा, सतीश मोदी, नवीन सैन, पदम जौशी, राहुल, सीमा शर्मा, सतीश शर्मा, अनिल खण्डेलवाल, राजेन्द्र चौधरी, विक्रम राठौड, डा. भरत मीणा, नत्थूराम शस्त्री, हनुमान सहित सैकडो श्रद्धालुओं ने धार्मिक आयोजन में भाग लिया।





## प्रेरणादायक मोटिवेशनल सेमिनार का हुआ आयोजन

अलवर(निसं.)। नसिया जी वाटिका में श्री अहिंसा एकता ग्रुप द्वारा एक प्रेरणादायक मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में प्रसिद्ध ब्रेन ट्रेनर और मोटिवेशनल स्पीकर युवराज प्रधान को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपनी ज्ञानवर्धक बातें साझा कर सभी को प्रेरित किया अध्यक्ष वंदना जैन ने इसे समाज के हर वर्ग के लिए लाभदायक बताया। इस अवसर पर लक्ष्मेश सिंह, सुशील, मनीष, विजय जैन, शिवानी शर्मा, राकेश जैन और नरेंद्र आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सेमिनार का उद्घोष और संचालन कनिका वशिष्ठ ने किया, जिनकी प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और प्रभावशाली बना दिया इस कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्यों का विशेष योगदान रहा सेमिनार की सफलता में उपाध्यक्ष राजबाला जैन, शिखा जैन अत्तार, मंत्री डॉ. ऊषा जैन, कोषाध्यक्ष स्वीटी जैन, रेखा जैन, पूजा जैन, मनीषा जैन और अतुल सक्सेना चिराग, हरीश शर्मा, पुष्पेंद्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन ने सभी उपस्थित लोगों को नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी युवराज प्रधान के विचारों ने न केवल मानसिक विकास को बढ़ावा दिया बल्कि आत्मविश्वास को भी मजबूत किया।

## संत सुंदर दास जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन, विधायक सुखवंत सिंह ने किया शिविर का उद्घघाटन

रामगढ़(निसं.)। कस्बे में संत सुंदर दास जी के जन्म दिवस पर खंडेलवाल वैश्य समाज समिति की ओर से तृतीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष सुरेश नसवारी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह एवं विशिष्ट अतिथि निलेश खंडेलवाल तथा प्रधान प्रतिनिधि गोपाल चौधरी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में संत सुंदर दास जी महाराज और गणेश जी महाराज का पूजन वंदन कर की गई। समिति की ओर से रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया और रक्तदान शिविर के समापन तक 74 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने से शरीर में रक्त की कमी नहीं होती है 24 घंटे में रक्त की पूर्ति हो जाती है और उनकी संस्था के द्वारा पिछले वर्ष 126 यूनिट रक्त लोगों को सहयोगार्थ ब्लड बैंकों से दिलवाया गया। रक्त संग्रहण हेतु अलवर से राजकीय चिकित्सालय की ब्लड बैंक टीम तथा अलवर ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदान के आयोजन को सम्पन्न करवाया समाज के द्वारा गण मान्य लोगों को साफा पहनाकर एवं तस्वीर भेट कर सम्मान किया।



## अलवर सांसद खेल उत्सवः महिला एवं परुष टीम के क्रिकेट के हुए मुकाबले




अलवर(निसं.)। वी-शक्ति के बैनर के अंतर्गत अलवर सांसद और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'खेलो इंडिया' की प्रेरणा से अलवर संसदीय क्षेत्र में आयोजित हो रहे। अलवर सांसद खेल उत्सव के अंतर्गत राजऋषि कॉलेज के खेल मैदान में क्वार्टर फाइनल मैच का पहला मुकाबला महिला टीम राजगढ़ और रामगढ़ के बीच हुआ। राजगढ़ टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। रामगढ़ टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात ओवर में अपने 4 विकेट खोकर 54 रन बनाए। जवाब में राजगढ़ टीम ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल किया और जीत दर्ज की। इस मुकाबले में बेहतरीन बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए सपना को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया वहीं, दूसरा मुकाबला पुरुष टीम राजगढ़ और रामगढ़ के बीच हुआ। इस मुकाबले में राजगढ़ टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 12 ओवर में 2 विकेट गंवाकर 169 रन बनाए। जवाब में, रामगढ़ टीम 12 ओवर में 9 विकेट गंवाकर केवल 105 रन ही बना पाई और मुकाबला हार गई। इस मुकाबले में अंकित ने शानदार बल्लेबाजी की और अल्फाज ने अच्छी गेंदबाजी कर टीम को जीत दिलाने में सहायता की वहीं, नीमराणा के राठ इंटरनेशनल स्कूल में हो रही क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मैच में पहला मुकाबला तिजारा और किशनगढ़ टीम के बीच हुआ। इस मुकाबले में किशनगढ़ टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
3 फरवरी, 2025



## बड़ोदिया गांव में खुले मुंह का कुआों दे रहा है हादसे का न्यौता, जिम्मेदार अधिकारी कर रहे हैं अनदेखी

जयपुर टाईम्स

चाकसू(निसं.)। चाकसू उपखंड क्षेत्र के कोटखावदा तहसील के गांव बड़ोदिया में शिव मंदिर के पास खुले मुंह का एक कुआं दे रहा है हादसे का न्यौता, लोगों ने बताया कि बड़ोदिया गांव घुसने से पहले सड़क मार्ग सहकारी समिति के पास एक खुलें मुंह का कुओं दे रहा है हादसे का न्यौता, कभी भी हादसा हो सकता है ग्रामीणों ने बताया कि खुलें मुंह के कुएं के आसपास से स्कूलों में पढ़ने वाले नन्ने मुन्ने बच्चे कुएं के पास से ही गुज़रते हैं कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे सरकार की आदेशों की उड रही है धज्जियां, जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी मौन है।

## विधायक ताराचंद सारस्वत ने 33केवी जीएसएस का भोजास का शिलान्यास और दुसारणा में किया लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

बीकानेर(निसं.)। विधायक ताराचन्द सारस्वत ने रविवार को भोजास में 33 केवी जीएसएस का शिलान्यास और दुसारणा में 33 केवी जीएसएस लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि दोनों ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीणों



की लम्बित मांग पूरी हुई।

इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पिछले सवा साल से आमजन के लिए अनेक ऐतिहासिक कार्य करवा रही है। आमजन को बिजली, पानी, शिक्षा और चिकित्सा सुविधा सुलभ करवाने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रही हैं। इसी श्रृंखला में भोजास में 33 केवी जीएसएस का शिलान्यास दुसारणा में 33 केवी जीएसएस का लोकार्पण किया गया है। अब इन क्षेत्रों में बिजली संबंधी समस्याओं से निजात मिलेगी तथा क्षेत्र के लोगों को निरंतर सुचारू सुलभ हो सकेगी।

विधायक सारस्वत ने कहा कि क्षेत्र की अधिकतर जनता कृषि पर निर्भर है। इसके मद्देनजर किसानों को बिजली सुचारू उपलब्ध हो सके, इसके लिए ओर अधिक प्रयास किए जाएंगे।

**इनकी रही उपस्थिति**

भोजास में गोरधन सिंह, लालसिंह राजपुरोहित, गोपालसिंह, माल सिंह तथा चालम सिंह राजपुरोहित ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके बाद विधायक ने दुसारणा में नवनिर्मित 33/11 जीएसएस का लोकार्पण करके स्विच चालू किया। कार्यक्रम में शेरसिंह, भंवरलाल तरड़, मालाराम, किसनाराम, शादीराम जाट आदि मौजूद रहे। इस दौरान विधायक सारस्वत के साथ महेंद्र सिंह तंवर, तोलाराम तावनिया, जगदीश पारीक, मोहननाथ सिद्ध, अगरसिंह कोटासर, जगदीश गुर्जर, महेश राजोतिया, रामसिंह जागीरदार, मूलचंद इन्दोरीया, देवनाथ सिद्ध, उत्तमनाथ सिद्ध, गोविन्द सारस्वत तथा विद्युत निगम के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम भवानी प्रकाश ने किया।

## मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजनाः 11 फरवरी तक हो सकेगा आवेदन

जयपुर टाइम्स

बीकानेर(निसं.)। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत अब 11 फरवरी तक आवेदन किया जा सकेगा। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. कुलदीप चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशुपालक अपने दुधारू गाय, भैंस, भेड़, बकरी और ऊंट का बीमा करवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। पूर्व में इसके लिए 31 जनवरी निर्धारित थी। जिसे अब 11 फरवरी तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पशुपालकों के पशुधन की हानि पर सुरक्षा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील पहल पर यह बीमा योजना प्रारंभ की गई है। योजना के तहत चयनित पशुपालक के दो दुधारू पशु या गाय भैंस अथवा दोनों या फिर 10-10 बकरी-भेड़ या एक ऊंट का निशुल्क बीमा एक वर्ष के लिए किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जन आधार कार्ड धारक पशुपालक इस योजना का लाभ लेने के पात्र होंगे। पशुपालकों को बीमा के लिए विभाग के ऐप पर आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि अब तक जिले के 33 हजार 238 दुधारू गाय, 5 हजार 35 तथा भैंस, 5 हजार 227 बकरियां, 3551 भेड़ और 515 ऊंटों सहित कुल 47 हजार 566 पशुओं के बीमा के लिए पंजीकरण करवाया जा चुका है।

## हरखचंद नाहटा ने धर्म, समाज सेवा, कला और संस्कृति क्षेत्र में बढ़ाया प्रदेश का गौरवः केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री शेखावत

जयपुर टाइम्स

बीकानेर(निसं.)। केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि हरखचंद नाहटा जैसी विभूतियों ने धर्म, समाज सेवा, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लखेनीय कार्य कर समूचे प्रदेश का गौरव बढ़ाया। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने उनकी स्मृति में स्मारक सिक्के का विमोचन कर उनके पुनीत कार्यों को अविस्मरणीय बना दिया है।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने रविवार को हरखचंद नाहटा स्मृति न्यास द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की और यह उद्गार व्यक्त किए।

हरख चंद नाहटा स्मृति न्यास के संयोजक ललित नाहटा, बसंत नवलखा, नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष महावीर रांका, प्रदीप नाहटा दिलीप नाहटा और कन्हैया लाल बोथरा ने केंद्रीय मंत्री को लोकार्पित सिक्का भेंट किया तथा शॉल, माला आदि से शेखावत का अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने हरखचंद नाहटा के व्यक्तित्व और कृतित्व को अविस्मरणीय बताया और कहा कि युवा पीढ़ी को इससे सीख लेनी चाहिए। इस दौरान दिल्ली की प्रियंका लुंकड, पूर्व पार्षद सुमन छाजेड़ व जैन समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के सपनों को साकार करने की कसी कमर**

# 5 फरवरी से 31 मार्च तक प्रत्येक किसान का रजिस्ट्रेशन करने का संकल्प



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में किसानों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए किसान रजिस्ट्री अभियान शुरू किया जा रहा है।

एग्रीस्टैक योजना के तहत 5 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक जयपुर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा।जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के प्रत्येक किसान का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक किसान इस सुविधा का लाभ उठा सकें। शिविरों में किसानों को 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी, जिससे वे भविष्य में सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

### किसान आईडी के साथ मिलेंगे अन्य योजनाओं के लाभ

अतिरिक्त जिला कलक्टर सुमन पंवार ने बताया कि शिविरों में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मंगला पशु बीमा योजना, पशु चिकित्सा, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जाएगा।

### किसान आईडी बनवाने की प्रक्रिया बेहद आसान

किसान अपनी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविर में जाकर आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर और नवीनतम जमाबंदी के साथ रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यह आईडी डिजिटली सत्यापन योग्य होगी और भविष्य में कृषि भूमि नामांतरण, क्रय-विक्रय पंजीयन और अन्य सरकारी सेवाओं के लिए आवश्यक होगी।

### डिजिटल क्रांति मे किसानों की भागीदारी

एग्रीस्टैक योजना के तहत कृषक की भूमि, फसल, भू-खंडों के जीपीएस निर्देशांक जैसी सूचनाओं का डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जाएगा, जिससे किसानों को बिना अतिरिक्त दस्तावेज के योजनाओं में स्वतः जोड़ने की सुविधा मिलेगी।जिला प्रशासन ने इस अभियान को पूरी सफलता के साथ लागू करने का संकल्प लिया है और 5 फरवरी से 31 मार्च तक प्रत्येक किसान का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए कमर कस ली है।

## चौमूं में बदमाशों ने कार की नंबर प्लेट चुराकर टायर किए पंक्चर, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

जयपुर टाइम्स

चौमूं(निसं.) । रेनवाल रोड स्थित लक्ष्मी पैराडाइज गार्डन के सामने बदमाशों ने बीती रात एक कार की नंबर प्लेट चुराकर उसके टायर पंक्चर कर दिए। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घटना का विवरणः

पीड़ित परिवार के अनुसार, उन्होंने अपनी कार घर के बाहर खड़ी की थी।

रात के अंधेरे में एक कार में तीन बदमाश आए। इनमें से दो बदमाश, जिन्होंने अपने मुंह पर रुमाल बांध रखा था, कार से नीचे उतरे और नुकीली वस्तु से कार के टायर पंक्चर कर दिए। इसके बाद उन्होंने खड़ी कार के दोनों नंबर प्लेट तोड़कर चोरी कर लिए और मौके से फरार हो गए।

### आशंका और डरः

पीड़ित परिवार इस घटना से आहत और डरा हुआ है। उनकी आशंका है कि बदमाशों ने यह कृत्य किसी रंजिशवश किया है या फिर चोरी की गई नंबर प्लेट का उपयोग किसी बड़ी अपराधिक वारदात में किया जा सकता है।

इससे न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है।

### पुलिस की कार्रवाईः

सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए बदमाशों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा और उन्हें कानून के शिकंजे में लाया जाएगा।

### क्षेत्र में बढ़ती अपराधिक घटनाएंः

इस घटना ने एक बार फिर चौमूं में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ती अपराधिक घटनाएं चिंता का विषय बन गई हैं। लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### सतर्कता और सावधानी की अपीलः

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा करें और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना पुलिस को दें। इससे अपराधों को रोका जा सकता है और अपराधियों पर नकेल कसी जा सकती है।

इस वारदात ने जहां लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है, वहीं पुलिस की तत्परता पर भी सवालिया निशान लगाया है। अब देखना यह है कि पुलिस कब तक बदमाशों को गिरफ्तार कर इस मामले को सुलझाती है।

**मुख्यमंत्री की इच्छानुसार शांतिपूर्ण आयोजन**

## राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा में 54% से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) द्वारा रविवार, 2 फरवरी 2025 को राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। परीक्षा का आयोजन जयपुर शहर के 240 परीक्षा केन्द्रों पर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक हुआ। इस परीक्षा में कुल 91,513 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।

**54.41% अभ्यर्थियों ने परीक्षा में लिया भाग**

अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) देवेन्द्र कुमार जैन ने जानकारी दी कि जयपुर में परीक्षा के लिए पंजीकृत कुल 91,513 अभ्यर्थियों में से 49,794 ने परीक्षा दी, जबकि 41,719 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 54.41% अभ्यर्थियों की भागीदारी दर्ज की गई।

**सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था चाक-चौबंद**

परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकल मुक्त बनाने के लिए प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए थे। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के सख्त प्रबंध किए गए, साथ ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की कड़ी निगरानी में परीक्षा का आयोजन हुआ।

**जिला कलक्टर ने जताया आभार**

जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि परीक्षा को मुख्यमंत्री की इच्छानुसार निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित किया गया, जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**कटऑफ और मुख्य परीक्षा को लेकर बढ़ी उत्सुकता**

अब अभ्यर्थियों की नजर आयोग द्वारा जारी की जाने वाली उत्तर कुंजी एवं मुख्य परीक्षा की कटऑफ पर टिकी है। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद चयनित अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी में जुटने की सलाह दी गई है।

## बेटी के जन्म पर बांटी गई 1300 से ज्यादा बेबी किट, जयपुर सक्षम अभियान बना सशक्तिकरण का आधार



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप जयपुर जिला प्रशासन द्वारा 'सक्षम जयपुर अभियान' को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने की अनूठी पहल की गई, जिससे समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो सके। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में इस अभियान को सफल बनाने के लिए अनेक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के ध्येय को मजबूत करने के लिए जिला प्रशासन ने नवजात कन्याओं को प्रोत्साहित करने हेतु आंगनबाड़ियों और अस्पतालों में 1300 से अधिक बेबी किट वितरित की हैं। इसके साथ ही, हर नवजात कन्या के नाम पर पंचायत स्तर पर पौधारोपण भी किया गया, जिससे समाज में बेटियों के प्रति सम्मान की भावना विकसित हो सके। बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गणतंत्र दिवस समारोह में 5769 मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, 10वीं और 12वीं कक्षा में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया, जिससे बालिका शिक्षा को और अधिक बढ़ावा मिल सके।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, जयपुर के 36 पीएम श्री विद्यालयों में आत्मरक्षा और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के तहत 8000 से अधिक छात्राओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा और महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी दी गई।

**जयपुर सक्षम अभियानः आधी आबादी के उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम**

जयपुर जिला प्रशासन द्वारा संचालित 'सक्षम जयपुर अभियान' अब केवल एक योजना नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और सामाजिक बदलाव का प्रतीक बन चुका है। यह अभियान न केवल बेटियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि समाज में महिला सम्मान और जागरूकता का नया अध्याय लिख रहा है।

## निज हित की अपेक्षा समाज और राष्ट्र हित को दें प्राथमिकता, देश को श्रेष्ठतर बनाने में निभाएं भागीदारी : राज्यपाल हरिभाऊ बागडे

जयपुर टाइम्स

बीकानेर(निसं.)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक निज हित की अपेक्षा समाज हित तथा राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए देश को श्रेष्ठतर बनाने में अपनी भागीदारी निभाए।

राज्यपाल ने रविवार को बीकानेर में हरखचंद नाहटा की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा उनकी स्मृति में जारी 25 रुपए मूल्य के 40 ग्राम वजनी स्मारक सिक्के के अनावरण समारोह के दौरान यह उद्गार व्यक्त किए।

राज्यपाल ने कहा कि नाहटा ने व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र के साथ जन सेवा तथा धर्म सेवा के कार्यों में भी अतुल्यनीय योगदान दिया। देश की कई सुप्रतिष्ठित संस्थाओं से संबंध रखकर वे लोक मंगल कार्यों में निरंतर आर्थिक सहयोग के अलावा सक्रिय सहभागिता निभाते थे। जैनाचार्य जिनपीयूष सागर सूरिश्वर जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित समारोह के दौरान राज्यपाल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा हरखचंद

**श्री हरखचंद नाहटा की स्मृति में स्मारक सिक्के का हुआ अनावरण**



नाहटा की स्मृति में स्मारक रजत सिक्का जारी करना जीवन को आलोक देने वाले महापुरूषों के सम्मान की परम्परा है। उन्होंने कहा कि समय तथा इतिहास की कसौटी पर ही किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का मूल्यांकन होता है। हरखचंद नाहटा के जीवट व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, दूरदर्शिता तथा लोक मंगल की बलवती भावना ने उन्हें विशेष स्थान दिलाया। राज्यपाल ने कहा कि आज अधिकार से ज्यादा कर्त्तव्यों को समझने और इनकी पालना करने की जरूरत है। यह राष्ट्र के उत्थान के लिए लाभदायक साबित होता है। उन्होंने दानदाता भामाशाह, सेठ घनश्याम दास बिड़ला और समर्थ रामदास के व्यक्तित्व से जुड़े उदाहरण दिए और कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार दान देने की आदत डालनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के लोग धार्मिक प्रवृत्ति के होते हैं। ऐसे लोग अपनी संस्कृति को संरक्षित रखने में भी भागीदारी निभाएं। राज्यपाल ने कहा कि अनेक विदेशी आक्रांताओं ने भारत की संस्कृति को नुकसान पहुंचाने के लिए सतत प्रयास किए, लेकिन साधु-संतों और धर्म परायण लोगों के कारण इसका ह्रास नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भारत की एकता और अखंडता अपने आप में मिसाल है। उसे कोई प्रभावित नहीं कर सकता।

इस दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने स्मारक सिक्के का अनावरण किया तथा यह सिक्का नाहटा परिवार के छोटे बच्चों को आशीर्वाद के साथ सौंपा।

इससे अवसर पर मुनिराज शाश्वत रतन सागर ने प्रवचन दिए। कन्हैयालाल बोथरा ने स्वागत उद्बोधन दिया। उद्यमी एवं समाजसेवी टोडरमल लालाणी ने हरखचंद नाहटा के जीवन से जुड़े प्रसंग रखे। हरख चंद नाहटा स्मृति न्यास के अध्यक्ष ललित नाहटा ने आभार जताया।

कार्यक्रम में खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, नोखा विधायक सुशीला डूडी, पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## सुविचार

**अजीब तरह के लोग है इस दुनिया में, अगरबत्ती भगवान के लिए खरीदते है और खुशबू अपने पसंद की तय करते हैं।**

# बजट से उम्मीदें

केंद्र में लगातार तीसरी बार सत्ता में आई राजग सरकार के बजट से देशवासियों को बड़ी उम्मीदें हैं। सरकार के खाते में कई उपलब्धियां हैं तो कई चुनौतियां भी हैं। इसके मद्देनजर विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ाने की जरूरत है। वर्तमान में आर्थिक मोर्चे पर बड़ी चुनौतियां महंगाई और बेरोजगारी हैं। सरकार की ओर से राशन, सस्ते गैस सिलेंडर, किसानों को मिलने वाली आर्थिक सहायता आदि से थोड़ी राहत जरूर आई है, लेकिन सामान्य आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों के लिए संघर्ष कम होने का नाम नहीं ले रहा। इन्हें खर्च चलाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है और वे अपने खर्चों में कटौती कर रहे हैं। इसका असर बाजार मांग पर पड़ रहा है। खाद्यान्न, तेलों, फलों, सब्जियों और दूध के दाम हर साल बढ़ रहे हैं। इससे थाली महंगी होती जा रही है। असंगठित क्षेत्र, जहां आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा कार्यरत है, में वेतन बहुत कम है। कोरोना काल में इसने काफी दिक्कतों का सामना किया था। अब महंगाई की मार से इसकी जरूरतें पूरी नहीं हो रही हैं। सरकार को बजट में इसकी ओर खास ध्यान देना चाहिए। वहीं, पिछले साल रोज़गार सृजन की रफ़्तार ज्यादा उत्साहजनक नहीं रही। देश का युवा चाहता है कि पढ़ाई पूरी होने के बाद उसके पास कोई रोजगार हो, ताकि वह अपने माता-पिता के सपने पूरे कर सके। बेरोजगारी की समस्या कई समस्याओं को जन्म दे रही है। इससे देश अपनी युवा शक्ति के पूर्ण उपयोग से वंचित हो रहा है।

इसी तरह आयकर दाताओं को उम्मीद है कि सरकार उनके लिए राहत की घोषणा करेगी। जब बैंक खाते में ज्यादा पैसा बचेगा तो वह परिवार की अन्य जरूरतों पर खर्च होगा। इससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। सरकार को ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश बढ़ाना होगा। देश में सौर ऊर्जा को लेकर भरपूर संभावनाएं हैं। यह घर-घर में लोकप्रिय कैसे हो, इसके लिए प्रावधान करने होंगे। आज भी ज्यादातर परिवार सौर ऊर्जा को अपनाने के इच्छुक नहीं हैं, क्योंकि लागत काफी ज्यादा है। देश में सरकारी स्कूल तो बहुत हैं, लेकिन वे संसाधनों और गुणवत्ता की कमी से जूझ रहे हैं। इसके साथ ही लोगों को छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए भी शहर जाना पड़ रहा है। बजट से उम्मीद की जा रही है कि सरकार स्कूलों और अस्पतालों की ओर खास ध्यान देगी। हाल में डॉलर के भाव बढ़ने से रुपया कमजोर हुआ है। इसका सीधा असर हमारे विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहा है। सरकार को बजट में ऐसे प्रावधान करने होंगे कि रुपया मजबूत हो और विदेशी मुद्रा भंडार भी बढ़े। दुनिया में एआई के बढ़ते दबदबे के बीच भारत को अपनी स्थिति मजबूत रखनी होगी। इस क्षेत्र में अभी तक अमेरिका का डंका बजता था, लेकिन चीन के डीपसीक ने तहलका मचा दिया है। ऐसे में भारत को अपनी दमदार उपस्थिति रखनी होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत के अपने आधारभूत एआई मॉडल को तैयार करने की बात कही है। देशवासियों को उम्मीद है कि इस बजट में एआई मॉडल निर्माण के लिए पर्याप्त निवेश की घोषणा की जाएगी। हाल के वर्षों में डिजिटल गतिविधियों में तेजी से इजाफा हुआ है। डिजिटल पेमेंट के क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान बन रहे हैं। दूसरी ओर साइबर अपराधों में भारी वृद्धि हुई है। शायद ही कोई व्यक्ति होगा, जिसके पास फोन हो और उसे ठगने के लिए किसी साइबर अपराधी ने कॉल न किया हो। बीते साल 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर लोगों को खूब लूटा गया, जिससे बचने के लिए प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम में सलाह भी दी थी। इस साल साइबर अपराधी कोई नया पैंतरा आजमाएं, इससे पहले ही सरकार को ऐसे ठोस उपाय करने होंगे, जिससे अपराधियों के मंसूबे धरे के धरे रह जाएं। इसके लिए पर्याप्त राशि आवंटित करनी होगी, विशेषज्ञों की नियुक्ति करनी होगी, ताकि डिजिटल पेमेंट पर लोगों का भरोसा मजबूत हो। बजट में सभी क्षेत्रों का ध्यान रखा जाना चाहिए। लोगों को उम्मीदें बंधाने के साथ उन्हें पूरा करना भी सरकार की जिम्मेदारी है।

## ट्वीटर टॉक



आज माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े जी, माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी व माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी जी की गरिमामय उपस्थिति में 16वीं विधानसभा के तृतीय सत्र में सहभागिता की।

**-मदन दिलावर**



मैं विश्वास से कह सकता हूं कि विकसित भारत का जो संकल्प देश ने लिया है, उस दिशा में यह बजट सत्र, यह बजट एक नया विश्वास पैदा करेगा, नई ऊर्जा देगा कि देश जब आजादी के 100 साल मनाएगा, तब विकसित होकर रहेगा।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े अभिभाषण के साथ आज 16वीं विधानसभा की शुरुआत हुई। राज्यपाल ने राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास एवं जनहित के कार्यों की सराहना की और सांस्कृतिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए किए गए प्रयासों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

**-दीया कुमारी**

## प्रेरक प्रसंग

# बलिहारी गुरु आपने

सन 1945-46 की बात है, तब पाकिस्तान नहीं बना था। उन दिनों प्रोफेसर अनिलेन्द्र गंगोपाध्याय लाहौर के एक कालेज में गणित पढ़ाते थे। छात्रों में वे 'मास्टर साहब' के नाम से लोकप्रिय थे। उनका एक प्रिय छात्र विज्ञान के क्षेत्र में नये-नये अनुसंधान करके सम्मान-दर-सम्मान पाता हुआ अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि प्राप्त कर गया। मास्टर साहब इस बीच लाहौर छोड़कर कलकत्ता अपने घर आ बसे थे। मास्टर साहब के यह मेधावी छात्र पाकिस्तान वासी सुप्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी प्रो. अब्दुस सलाम थे। भौतिक विज्ञान में नोबल पुरस्कार पाने के बाद प्रो. अब्दुस सलाम खास तौर पर दक्षिणी कलकत्ता के पुश्तैनी घर में रह रहे वयोवृद्ध और रुग्ण मास्टर साहब से मिलने आए। मिलन का दृश्य अदभुत था। शिष्य ने नोबल पुरस्कार में मिला स्वर्ण पदक श्रद्धेय गुरु के चरणों में रखकर कहा, 'गुरुवर, आपने जो पढ़ाया था, वह इतना अधिक था कि उससे ज्यादा मैंने और कुछ नहीं पढ़ा। यह पदक आपके उसी ज्ञान की देन है, जो आपने मुझे बख़्शा है।' गुरु ने शिष्य को आशीष देते हुए उसे वह पदक वापस सौंप दिया।


## सामयिक

# शांति, संस्कृति एवं शिक्षा का महापर्व है बसंत पंचमी

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133

बसंत पंचमी या श्री पंचमी हिन्दुओं का प्रमुख सांस्कृतिक एवं धार्मिक त्योहार है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती, कामदेव और विष्णु की पूजा की जाती है। यह प्रकृति के सौंदर्य, नई शुरुआत, और सकारात्मकता का उत्सव भी है। इस दिन देवी सरस्वती की पूजा से मन में शांति और ज्ञान का संचार होता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन में शिक्षा, कला, सौन्दर्य और प्रकृति का सम्मान करना कितना महत्वपूर्ण है। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी से उल्लेखित किया गया है। प्राचीन भारत और नेपाल में पूरे साल को जिन छह ऋतुओं में बांटा जाता था उनमें बसंत लोगों का सबसे मोहक, मनोरम एवं मनचाहा मौसम था। बसंत पंचमी मन की, जीवन की, संस्कृति की, साहित्य की, संगीत की, प्रकृति की असीम कामनाओं का अनूठा एवं सौन्दर्यमय त्योहार है, जो हर वर्ष माघ मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन मनाया जाता है। दूसरे शब्दों में बसंत पंचमी का दूसरा नाम सरस्वती पूजा भी है। माता सरस्वती को ज्ञान-विज्ञान, सूर-संगीत, कला, सौन्दर्य और बुद्धि की देवी माना जाता है। कहा जाता है कि देवी सरस्वती ने ही जीवों को वाणी के साथ-साथ विद्या और बुद्धि दी थी। इसलिए वसंत पंचमी के दिन हर घर में सरस्वती की पूजा की जाती है, मां सरस्वती की पूजा करने से मां लक्ष्मी और देवी काली भी प्रसन्न होती हैं। बसंत पंचमी के 40 दिन बाद होली का पर्व मनाया जाता है, इसलिए बसंत पंचमी से होली के त्योहार की शुरुआत मानी जाती है।

मान्यता है कि बसंत पंचमी को देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। इसी दिन वह हाथों में पुस्तक, वीणा और माला लिए श्वेत कमल पर विराजमान होकर प्रकट हुई थीं। कहा जाता है कि देवी सरस्वती की पूजा सबसे पहले भगवान श्रीकृष्ण ने की थी। मां सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है। देवी भागवत में उल्लेख है कि माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी को ही संगीत, काव्य, कला, शिल्प, रस, छंद, शब्द, स्वर व



शक्ति की प्राप्ति जीव-जगत को हुई थी। इसीलिये मां सरस्वती को प्रकृति की देवी की उपाधि भी प्राप्त है। पद्मपुराण में मां सरस्वती का रूप प्रेरणादायी है। धर्मशास्त्रों के अनुसार मां सरस्वती का वाहन सफेद हंस है। यही कारण है कि देवी सरस्वती को हंसवाहिनी भी कहा जाता है। देवी सरस्वती विद्या की देवी हैं। देवी का वाहन हंस यही संदेश देता है कि मां सरस्वती की कृपा उसे ही प्राप्त होती है जो हंस के समान विवेक धारण करने वाला होता है। केवल हंस में ही ऐसा विवेक होता है कि वह दूध का दूध और पानी का पानी कर सकता है। हंस दूध ग्रहण कर लेता है और पानी छोड़ देता है। इसी तरह हमें भी बुरी सोच को छोड़कर अच्छाई को ग्रहण करना चाहिए।

सफेद रंग शांति और पवित्रता का प्रतीक है। यह रंग शिक्षा देता है कि अच्छी विद्या और अच्छे संस्कारों के लिए आवश्यक है कि आपका मन शांत और पवित्र हो। सभी को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। मेहनत के साथ ही माता सरस्वती की कृपा भी उतनी आवश्यक है। मां सरस्वती हमेशा सफेद वस्त्रों में होती हैं। इसके दो संकेत हैं पहला यह कि हमारा ज्ञान निर्मल हो, विकृत न हो, अहंकारमुक्त हो। जो भी ज्ञान अर्जित करें वह सकारात्मक हो। दूसरा संकेत हमारे चरित्र को लेकर है। कोई दुर्गुण हमारे चरित्र में न हो। मां ने शुभ्रवस्त्र धारण किए हैं, ये शुभ्रवस्त्र हमें प्रेरणा देते हैं कि हमें अपने भीतर सत्य, अहिंसा, क्षमा, सहनशीलता, करुणा, प्रेम व परोपकार आदि सद्गुणों को बढ़ाना चाहिए और क्रोध, मोह, लोभ, मद, अहंकार आदि का परित्याग करना चाहिए। मां सरस्वती को पीले रंग प्रिय है, मान्यतानुसार पीला रंग सुख-समृद्धि और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। पीला रंग बसंत पंचमी का मुख्य प्रतीक है। पीले रंग को सरस्वती मां का प्रिय रंग भी कहा जाता है। पीले फूलों को मां पर अर्पित किया जाता है, पीले रंग की साज-सज्जा की जाती है और पीले रंग के चावल माता को भोग में चढ़ाने शुभ माने जाते हैं।

बसंत पंचमी एक उत्सव ही नहीं बल्कि एक प्रेरणा भी है। बसंत पंचमी सिखाती है कि पुराने के अंत के साथ ही नए का सृजन भी होता है। असल में अंत और शुरुआत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बसंत ऋतु के आने से पहले पतझड़ का उदास मौसम होता है, लेकिन बसंत पंचमी के साथ ही बसंत ऋतु भी दस्तक देती है और बसंत ऋतु में पतझड़ से खाली हुए पेड़ पौधों में फिर से एक चमक, एक सुंदरता उतर आती है। जीवन का दस्तूर भी कुछ ऐसा ही है। पतझड़ की तरह खालीपन आता है लेकिन सब्र का दामन ना छोड़ें तो बसंत की बहार भी आती है। पूरे मन एवं आस्था से सरस्वती की पूजा एवं साधना करें ताकि आपकी वाणी मधुर हो, स्मरण शक्ति तीव्र हो, सौभाग्य की प्राप्ति हो, विद्या की प्राप्ति हो। सरस्वती पूजा से पति-पत्नी और बंधुजनों का कभी वियोग नहीं होता है तथा दीर्घायु एवं निरोगता प्राप्त होती है। इस दिन भक्तिपूर्वक ब्राह्मण के द्वारा स्वस्ति वाचन कराकर गंध, अक्षत, श्वेत पुष्प माला, श्वेत वस्त्रादि उपचारों से वीणा, अक्षमाला, कमण्डल, तथा पुस्तक धारण की हुई सभी अलंकारों से अलंकृत सरस्वती का पूजन करें।

बसंत पंचमी के साथ, बसंत ऋतु की शुरुआत होती है, जो फसलों की कटाई के लिए एक अच्छा समय है। फाग के राग की शुरुआत भी इसी दिन होती है। फाल्गुन का अर्थ ही है मधुमार। वो ऋतु जिसमें सर्वत्र माधुर्य ही माधुर्य हो, सौन्दर्य ही सौन्दर्य हो। वृक्ष नये पत्तों से सज गये हो, कलियां चटक रही हों, कोयल गा रही हो, हवाएं बह रही हो। ऐसे मधुर मौसम में सरस्वती पूजन वसंत की शुचिता एवं सिद्धि का प्रतीक है, एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक गति है। लोकमन के आह्लाद से मुखरित वसंत ही महक और फाल्गुनी बहक के स्वर इसका लालित्य है, यही इस त्योहार की परम्परा का आह्वान है, यही इसका अलौकिक सौन्दर्य है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन ब्रह्मांड का निर्माण किया था। सृष्टि की रचना करके जब उन्होंने संसार में देखा तो उन्हें चारों ओर सुनसान निर्जनता एवं नीरसता ही दिखाई दी। वातावरण बिल्कुल शांत एवं नीरस लगा जैसे किसी की वाणी ही न हो। यह सब देखने के बाद ब्रह्माजी संतुष्ट नहीं थे तब ब्रह्माजी ने भगवान विष्णुजी से अनुमति लेकर अपने कमंडल से पृथ्वी पर जल छिड़का।

जल छिड़कने के बाद एक देवी प्रकट हुई। देवी के हाथ में वीणा थी। भगवान ब्रह्मा ने उनसे कुछ बजाने का अनुरोध किया ताकि पृथ्वी पर सब कुछ शांत न हो। परिणामस्वरूप, देवी ने कुछ संगीत बजाना शुरू कर दिया। तभी से उस देवी को वाणी, वीणा और ज्ञान की देवी सरस्वती के नाम से जाना जाने लगा। उन्हें वीणावादिनी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि देवी सरस्वती ने वाणी, बुद्धि, बल और तेज प्रदान किया। इसीलिये बसंत पंचमी का सांस्कृतिक और धार्मिक दोनों ही महत्व है। यह ज्ञान, संगीत, कला, सौंदर्यशास्त्र की देवी सरस्वती का त्योहार है। महाभारत के शांति पर्व में उन्हें वेदों की माता कहा गया है। वह अज्ञानता, अविद्या और अंधकार को दूर कर गर्मी, चमक, प्रकाश, माधुर्य, सद्भाव, पवित्रता और प्रसन्नता का संचार करती है।

## ज्ञान विज्ञान

# नासा मंगल से कैसे मिट्टी लाएगा?

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा- ने मंगल ग्रह से मिट्टी और पत्थर जैसे सैम्पल लाने का नया प्लान बनाया है। दावा किया गया है, यह मंगल से सैम्पल लाने का सस्ता तरीका है। नया प्लान कम बजट में तेजी से अपना काम कर सकता है। नई योजना की तैयारी इसलिए की गई क्योंकि नासा के परसिवरेंस रोवर द्वारा मंगल से सैम्पल लाने का खर्च 11 अरब डॉलर पहुंच गया है। नासा इस खर्च को कम करने का दूसरा और सस्ता विकल्प तलाश रही थी। स्पेस एजेंसी नासा के एडमिनिस्ट्रेटर बिल नेल्सन का कहना है कि 'बढ़ते खर्च और देरी को देखते हुए कुछ महीने पहले सैम्पल लाने के मुख्य प्रोजेक्ट को बंद कर दिया गया था'। दावा किया गया था कि साल 2040 से पहले अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा मंगल से कुछ भी धरती पर नहीं ला सकती। नेल्सन का कहना है, रोवर ने सिगार के आकार की टाइटेनियम ट्यूबों में सैम्पल इकट्ठा किए हैं और हम चाहते हैं कि जितनी जल्दी हो सके उन 30 ट्यूब को कम खर्च में लाया जाए।

नासा ने निजी सेक्टर की स्पेस एजेंसियों से पिछले साल कहा था कि वो ऐसा विकल्प साझा करें जिससे साल 2030 तक मंगल से मिट्टी और



पत्थर के नमूने लाए जा सकें, ऐसा मंगल ग्रह पर अंतरिक्षयात्रियों के जाने से पहले संभव हो सके। नासा के पास ऐसा करने के लिए दो विकल्प हैं। इनकी लागत 6 से 7 अरब डॉलर की बताई जा रही हैं। पहला विकल्प है, कॉमर्शियल पार्टनर के साझेदारी करके इस काम को अंजाम दिया जाए। ऐसा करने पर विमान और लॉन्चिंग में बदलाव नहीं होगा, लेकिन मिशन के काम करने के तरीके को जरूर बदला जाएगा। इस योजना में लैंडिंग का वही तरीका इस्तेमाल किया जाएगा जिससे परसिवरेंस और क्यूरियॉसिटी रोवर को मंगल ग्रह पर उतारा गया था। इस तरीके में रॉकेट की मदद से चलने वाले प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया जाता है जिसे स्काई क्रेन कहते हैं।

नासा की पहली रणनीति में कॉमर्शियल पार्टनर की साझेदारी पर फोकस किया गया है। इससे मिशन को आसान बनाने की कोशिश की गई है।वहीं, दूसरी रणनीति में निजी कंपनियों के लैंडिंग सिस्टम का इस्तेमाल करने की बात कही गई है। नासा की रणनीति कहती है, प्राइवेट स्पेस कंपनी के लैंडिंग प्रॉसेस के जरिए सैम्पल को वापस लाया जा सकता है। हालांकि, नासा ने अपनी इस दूसरी रणनीति के बारे में बहुत ज्यादा जानकारी नहीं साझा की है। 2021 में लैंडिंग के बाद से परसिवरेंस ने अब तक मंगल ग्रह से 2 दर्जन से ज्यादा नमूने इकट्ठा किए हैं। नासा वहां जीवन के संकेतों को तलाश रहा है। यही वजह है कि अभी और सैम्पल लिए जाएंगे। नासा के अधिकारियों का कहना है, नई रणनीति से नमूनों के जांच करने की प्रक्रिया बेहतर हो जाएगी।नेल्सन का कहना है आने वाले दिनों में जल्द ही इस पर फैसला लिया जाएगा कि सैंपल्स को धरती पर लाने का सबसे अच्छा तरीका क्या है।

## नजरिया

# दिल्ली चुनाव गांधी परिवार के लिए अग्नि परीक्षा

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 8949519406

देश की राजधानी दिल्ली विधानसभा के चुनाव कांग्रेस के साथ गाँधी परिवार के लिए भी चुनौती बन गए है। दिल्ली चुनाव में इंडि गठबंधन पूरी तरह बिखर गया है वहीं गाँधी परिवार को बेहद कठिन अग्नि परीक्षा से गुजरना पड़ रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व एक-दूसरे पर तीखे हमले करने लगे हैं। कभी दिल्ली में एक छत्र राज करने वाली कांग्रेस इस समय अपने अस्तित्व से जूझ रही है। कांग्रेस के शासन को भाजपा धराशाही नहीं कर पायी मगर अरविन्द केजरीवाल ने 2013 में कांग्रेस से सत्ता छीन कर आम आदमी पार्टी का परचम लहराने में सफलता प्राप्त कर ली। पिछले दो चुनावों में शून्य पर ठहरी कांग्रेस वर्तमान चुनाव में अपनी उपस्थिति दर्ज़ कराने के लिए समूची ताकत झोंक दी है। पिछले विधानसभा चुनाव में 5 प्रतिशत से भी कम वोट शेयर और शून्य सीटें पाने वाली पार्टी लगातार न्यूज़ चैनलों पर अपनी मौजूदगी और सार्वजनिक चर्चा में जगह बढ़ा रही है। यह कहा जा रहा है कि ये चुनाव वास्तव में कांग्रेस के साथ गाँधी परिवार के लिए अग्नि परीक्षा के समान है। सोनिया गांधी की सियासी निष्क्रियता को देखते हुए राहुल और प्रियंका चुनावी दंगल में उतर गए है। दोनों भाई बहनों ने अपने इंडि गठबंधन के साथी केजरीवाल पर अनेक आरोपों की झड़ी लगा दी है। राहुल गांधी



ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सियासी ब्रह्मास्त्र चल दिया है। शराब घोटाले और शीशमहल को लेकर राहुल केजरीवाल को बक्सने के मूड में नहीं है। दिल्ली कांग्रेस के नेता पहले ही केजरीवाल को राष्ट्र द्रोही और फर्जीवाल घोषित कर चुके है। कांग्रेस चाहती है जो उनके जो वोट आप में जा चुके है उन्हें कैसे भी हो फिर कांग्रेस की झोली में डाला जाये, तभी कांग्रेस का अस्तित्व बचेगा। राहुल गांधी आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा साध रहे है। उनके लिए पहला शत्रु केजरीवाल है। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ साल पहले अरविंद केजरीवाल आए थे। मुझे याद है वह बिजली के खंबे पर चढ़ गए थे। छोटी सी गाड़ी में घूमते थे। आज वही केजरीवाल ऑटोमेटिक गाड़ी में चलते हैं। शीशमहल में रहते है। राहुल गांधी लगातार कह रहे है कि पांच साल पहले केजरीवाल ने कहा था कि यमुना में जाकर नहाउंगा।

यमुना का पानी पियूंगा। मैं चैलेंज देता हूं आपको केजरीवाल जी आप दिल्ली के लोगों को गंदा पानी पिलाते हो, यमुना का पानी छोड़ो यहां जो पानी मिल रहा है उसी को पीकर दिखा दो। जैसे पीएम मोदी झूठ बोलते हैं वैसे केजरीवाल भी झूठ बोलते हैं। राहुल गांधी का जोर आप के वोट बैंक खासकर दिल्ली की मुस्लिम बहुल सीटों पर उसे नुकसान पहुंचे की है। इन्हीं सीटों पर वह अपना प्रचार केंद्रित कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राहुल गांधी ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर जोरदार हमला बोला है। राहुल गांधी के निशाने पर बीजेपी, आरएसएस, संविधान और वीर सावरकर के साथ-साथ पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह हुआ करते है। लेकिन, दिल्ली विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी ने केजरीवाल को निशाने पर लेकर 14 साल पुरानी सीने में धधर रही आग को फिर से जिंदा कर लिया है। अरविन्द केजरीवाल ने भी पलटवार करते देर नहीं की। केजरीवाल ने राहुल गांधी के हमले का जवाब देते हुए उन्हें कायर कहा और सवाल उठाया कि कांग्रेस नेता और उनके परिवार को नेशनल हेराल्ड मामले में जेल क्यों नहीं भेजा गया। दूसरी तरफ भाजपा मतदाताओं को यह बता रही है कि कैसे आप और कांग्रेस लोकसभा चुनाव में आठ महीने पहले सहयोगी थे और अब एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। वह जनता के सामने इनकी विश्वसनीयता का मुद्दा उठा रही है। राहुल गाँधी जानते है अगर दिल्ली विधानसभा में कांग्रेस लगातार तीसरी बार अपना खाता नहीं खोल पाती है तो यह कांग्रेस के साथ गाँधी परिवार के लिए बड़ा झटका होगा। गौरतलब है दिल्ली की एक सशक्त राजनीतिक पार्टी रही कांग्रेस साल 2015 और साल 2020 के विधानसभा चुनाव में अपना खाता भी नहीं खोल पाई।



## नित्या मेनन ने राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर जाहिर की खुशी

**70वें नेशनल अवॉर्ड की हाल ही में घोषणा की गई है। नित्या मेनन को फिल्म थिरुचित्रम्बलम के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। अभिनेत्री ने मानसी पारेख के साथ पुरस्कार साझा किया, जिन्होंने कच्छ एक्सप्रेस (गुजराती) में अपनी भूमिका के लिए पुरस्कार जीता। नित्या ने हाल ही में इस पर प्रतिक्रिया देते हुए खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से, मुझे नहीं पता था कि वे राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा कर रहे हैं। यह असामान्य लग सकता है। मगर मुझे हलचल से दूर रहना पसंद है। मुझे इसकी बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी।**

नित्या मेनन ने एक बातचीत में कहा, हे भगवान, यह बहुत ही आश्चर्यचकित कर देने वाला था। क्या इतने सारे लोगों के पास मेरा नंबर है? क्या इतने सारे लोग मेरी परवाह करते हैं? क्या इतने सारे लोग मेरे पुरस्कार जीतने की परवाह करते हैं? जो वास्तव में एक आशीर्वाद था, वह उनकी इच्छाओं की सच्चाई थी। जीत बहुत से लोगों को व्यक्तिगत लगी, और वे इसे ऐसे मना रहे हैं जैसे यह उनकी अपनी जीत हो। इस तरह के किरदार करती हैं नित्या मेनन अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं इस तथ्य से संतुष्ट महसूस करती हूं कि थिरुचित्रम्बलम वह फिल्म है जिसने मुझे यह पुरस्कार दिलाया। बात यह है कि मैं हमेशा ऐसी फिल्में करना चाहती हूं, जो मुझे करते समय खुश रखें और इसे देखते समय दूसरों को भी खुशी मिले। मेरा मानना है कि किसी दूसरे व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना या उसे खुश करना, इस उम्मीद में कि यह पुरस्कार से मान्य होगा।

### थिरुचित्रम्बलम में धनुष के साथ दिखीं नित्या

थिरुचित्रम्बलम में धनुष और नित्या सबसे अच्छे दोस्त थिरु और शोभना की भूमिका में हैं। फिल्म में धनुष ने थिरु का किरदार निभाया। वह एक डिलीवरी बॉय होते हैं। थिरु अपने दादा (भारतीराजा) के साथ अच्छा तालमेल रखता है। मगर अपने पिता (प्रकाश राज) के साथ संबंध बनाने में संघर्ष करता है, जो एक पुलिस अधिकारी है।



# मुझे ओवर एक्सपोजर का डर नहीं सताता

मनोरंजन जगत में तकरीबन 15 साल का वक्त बिता चुकी रसिका दुग्गल कई अहम फिल्मों और लोकप्रिय वेब सीरीज का हिस्सा रही हैं। मिर्जापुर 3 के बाद वे चर्चा में हैं जासूसी थ्रिलर शेखर होम से। रसिका दुग्गल ने मिर्जापुर की बिना के रूप में काफी शोहरत पाई। मगर सीजन 3 में उन्हें उतना स्क्रीन टाइम नहीं मिला। वे कहती हैं, किसी सीजन में आप कम दिखें, तो स्टोरी की डिमांड हो सकती है। कहानी किसी और डायरेक्शन में जा रही है, तो वह एंगल अगर मजबूत है, तो कोई समस्या नहीं है। मैं अपने बारे में न सोचकर, कहानी के बारे में सोचती हूं। हर एक अच्छा एक्टर यही सोचता है। मुझे कोई प्रॉब्लम नहीं है कि स्क्रीन टाइम कम है। मेरी चिंता किरदार के प्रभाव को लेकर ज्यादा होती है और मैं समझती हूं कि बीना का इंपैक्ट हर सीजन में बहुत अच्छा रहा है।

### बीना का रोल सामने से मांगा

आज जिस भूमिका ने रसिका को घर -घर लोकप्रिय किया। वह भूमिका उन्होंने खुद जाकर मांगी थी। वे कहती हैं, सीजन वन में करण और अंशुमान भी जुड़े थे इस प्रोजेक्ट से। तो किसी ने मुझे बताया कि वो शो लिख रहे हैं। मैंने कहा, ठीक है, वो मुझे जानते हैं, तो मेरे लिए कुछ रोल होगा तो बोल देंगे। तो मुझसे कहा गया कि ऐसा नहीं होता, याद दिलाना पड़ता है। मुझे शर्म आ रही थी रोल मांगने में, मगर मैंने शर्म को त्याग कर फोन किया। मेरे दिमाग में था कि अगर वो मुझे कास्ट नहीं करना चाहेंगे, तो उनके लिए मुझे ना बोलना काफी मुश्किल हो जाएगा।

### तब मेरी ग्रोथ मार खा जाएगी

बीते कुछ समय से रसिका ओटीटी पर काफी नजर आ रही हैं। हाल ही में उनकी फिल्म फेयरी फोक भी आई थी और ओटीटी पर मिर्जापुर 3 के साथ-साथ शेखर होम में भी दिखीं। क्या उन्हें ओवर एक्सपोज होने का डर नहीं सताता? के सवाल पर वे कहती हैं, नहीं, मुझे यह डर नहीं लगता है। अगर मैं यह डर लेकर बैठ जाऊं, तो कहीं न कहीं मेरी एक्सप्लोरेशन और एक्सपेरिमेंट मार खा जाएगी। एक हद तक यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं अपना किरदार अच्छे से निभाऊं। अगर मुझे उसमें कुछ नया करने का मौका मिल रहा है, तो मैं पीछे नहीं हटूंगी। अब यह सोचकर कि ओवर-एक्सपोज जाऊंगी और काम बंद कर दूं, तो ये ठीक नहीं होगा। एक एक्टर के तौर पर, अगर मैं इस स्ट्रेटजी में उलझ जाऊं, तो मेरी क्रिएटिविटी और ग्रोथ मार खा जाएगी।

### जासूसी में फेलूदा पसंदीदा है

रसिका दुग्गल की हालिया सीरीज शिकार होम एक जासूसी सीरीज है। रसिका कहती हैं, मैं जासूसी स्पेस को बहुत इंजॉय करती हूं। मगर डिटेक्टिव कहानियों में मुझे फेलूदा का किरदार बहुत भाता है। सत्यजीत रे रचित इस किरदार में जासूसी की इ अलग दुनिया है। फेलूदा को तो मैं घोट कर पी गई हूं। इस तरह की जासूसी दुनिया का अपना मजा होता है, आप तब तक बंधे रहते हैं, जब तक की गुत्थी सुलझ नहीं जाती। हालांकि मैंने अपनी जिंदगी में कभी जासूसी नहीं की, मगर मैं कह सकती हूं कि मेरा पूर्वाभास कमाल का है। मुझे कई चीजों का अंदाजा हो जाता है।

## ऊंचाई को दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिलने पर गदगद हुईं परिणीति चोपड़ा

साल 2022 की फिल्म ऊंचाई को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा में बड़ा मौका मिला क्योंकि इसने दो श्रेणियों में जीत हासिल की। सूरज बड़जात्या ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता, जबकि नीना गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का खिताब दिया गया। फिल्म की बड़ी जीत पर प्रतिक्रिया देने से परिणीति चोपड़ा भी खुद को रोक नहीं पाई हैं। अभिनेत्री भी इस फिल्म का हिस्सा हैं और प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त करने पर अपनी टीम पर गर्व व्यक्त करती नजर आई हैं। परिणीति चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सूरज बड़जात्या और नीना गुप्ता की उपलब्धियों के बारे में जानकारी साझा की। ऊंचाई से एक तस्वीर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, गर्व (मुस्कुराता चेहरा और हाथ जोड़ने वाली इमोजी)। ऊंचाई एक एडवेंचर ड्रामा फिल्म है जिसमें अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, बोमन ईरानी, डैनी डेन्जोंगपा, नीना गुप्ता, परिणीति चोपड़ा और सारिका जैसे कलाकार शामिल हैं। 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा के बाद, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक विजेता सूरज बड़जात्या ने एक इंटरव्यू में कहा, 2022 के दौरान देश ने सिनेमा में जो सर्वश्रेष्ठ देखा है, उनमें से सम्मानित होने पर मैं आभारी हूं। उन्होंने अपनी खुशी और कृतज्ञता की भावना के बारे में साझा किया।



## शेखर होम में जासूसी के बाद अब मुर्शीद में खूंखार गैंगस्टर बनकर लौट रहे के के मेनन


शेखर होम जैसी जबरदस्त वेब सीरीज देने के बाद एक्टर के के मेनन अब एक और धांसू सीरीज में नजर आने वाले हैं, जिसका नाम है मुर्शीद। मेकर्स ने हाल ही इसका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया, जिसमें के के मेनन के साथ एक्टर तनुज विरवानी भी नजर आ रहे हैं। इस वेब सीरीज की अनाउंसमेंट साल 2021 में की गई थी। के के मेनन ने जहां हइअ प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज हुई शेखर होम में एक जासूस का रोल निभाया, वहीं मुर्शीद में वह खूंखार रोल में दिखेंगे। मुर्शीद को 30 अगस्त को स्ट्रीम किया जाएगा। मेकर्स ने इसका पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर कर लिखा है, ये बॉम्बे है मेरी जान, और यहां सरताज-ए-बंबई उर्फ मुर्शीद भाई का सिक्का चलता है।

मुर्शीद की कास्ट और के के मेनन का रोल इस सीरीज में के के मेनन और तनुज विरवानी के अलावा जाकिर हुसैन, अनंग देसाई, वेदिका भंडारी और राजेश श्रृंगारपुरे नजर आएंगे। यह एक गैंगस्टर-ड्रामा है, जिसमें के के मेनन गैंगस्टर बने हैं। उनका लुक काफी खतरनाक लग रहा है। मुर्शीद के पोस्टर में वह लंबे बाल, सफेद दाढ़ी में नजर आ रहे हैं, और हाथ में पिस्तौल है। वहीं, तनुज विरवानी एक पुलिस अफसर के रोल में होंगे। मेकर्स ने अभी तक मुर्शीद की स्टोरीलाइन रिवील नहीं की है, बस इतना पता चला है कि इस गैंगस्टर-ड्रामा की कहानी मुंबई के इर्द-गिर्द होगी।

### मिलन लूथरिया ने डायरेक्ट की है मुर्शीद

मुर्शीद को मिलन लूथरिया ने डायरेक्ट किया है। इससे पहले उन्होंने मुंबई के गैंगस्टर पर आधारित दो फिल्में बनाई थीं। ये थीं वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई और वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा। उन्होंने सुल्तान ऑफ दिल्ली नाम की एक सीरीज भी डायरेक्ट की थी।






## सूर्या की कंगुवा से भिड़ेगी रजनीकांत की वेट्टैयन

**रजनीकांत की वेट्टैयन इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के लिए सुपरस्टार ने निर्देशक टीजे ज्ञानवेल के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म की शूटिंग रजनीकांत पहले ही खत्म कर चुके हैं, जिसकी जानकारी उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए दी थी। वहीं, अब प्रशंसकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज डेट का इंतजार है। आखिरकार अब निर्माताओं ने प्रशंसकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है।**

उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है। निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख के एलान के साथ फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें पुलिस रजनीकांत के किरदार की झलक देखने को मिली है। निर्माताओं ने एलान किया है कि वेट्टैयन इस साल 10 अक्तूबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हालांकि, खबरों के अनुसार, फिल्म की रिलीज डेट का पता पहले ही चल गया था, जिसकी जानकारी रजनीकांत ने अपने आध्यात्मिक दौरे के दौरान दी थी, लेकिन अब निर्माताओं ने इस पर मुहर लगा दी है। फिल्म के नए पोस्टर में रजनीकांत पुलिस की वर्दी पहने धांसू अंदाज में नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने काला चश्मा भी पहना हुआ है। पोस्टर पर प्रदर्शन कर रहे लोगों की भीड़ भी दिखाई गई है। प्रशंसक रिलीज डेट के एलान के बाद से उत्साहित हैं और फिल्म के नए पोस्टर पर जमकर अपना प्यार बरसा रहे हैं। इससे पहले बीते दिन निर्माताओं ने पोस्ट साझा कर जानकारी दी थी कि वे आज, सोमवार को सुबह 10 बजे फिल्म से जुड़ी महत्वपूर्ण घोषणा करेंगे।
वेट्टैयन का निर्देशन जय भीम फेम फिल्म निर्माता टीजे ज्ञानवेल ने किया है, जो रजनीकांत के साथ उनका पहला सहयोग है। फिल्म लाइका प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है और इसमें अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत है। वेट्टैयन कई दिग्गज सितारों से सजी फिल्म होगी, जिसमें विभिन्न उद्योगों के कलाकार शामिल होंगे। रजनीकांत और राणा दग्गुबाती के अलावा, वेट्टैयन में अभिनेता अमिताभ बच्चन, फहद फाजिल, राणा दग्गुबाती, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य शामिल हैं।



## करण जौहर पर आरोप लगा बुरा फंसे अभिषेक बनर्जी? बयान साझा कर पेश की सफाई

स्त्री 2 और वेदा के अभिनेता अभिषेक बनर्जी ने हाल ही में खुलासा किया था कि वे अग्निपथ के कास्टिंग डायरेक्टर के पद पर काम कर रहे थे, लेकिन धर्मा प्रोडक्शन से निकाल दिया गया था। अब अभिनेता ने इस पर अपनी सफाई पेश की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके बयान की गलत व्याख्या की गई है। दरअसल अभिषेक ने किस्सा साझा करते हुए बताया था, अग्निपथ से हमने निकाल दिया था। अग्निपथ की कास्टिंग हम लोग कर रहे थे, बाद में जोगी भाई आए। क्यों निकाल दिया? क्योंकि वो कास्टिंग करण सर को पसंद नहीं आई, उनको पसंद नहीं आई, क्योंकि हम लोग कुछ ज्यादा ही अनुराग कश्यप वाले अभिनेता ला रहे थे, जो हमारे जैसे ही थे, जो उन्हें पसंद नहीं आया। फिर उन्होंने बोला कि निकल जाओ हमारी फिल्म से। मुझे लगा करियर बर्बाद, खत्म, धर्मा से निकल गए, अब हो गया सब खत्म, लेकिन शुक्र है कि मैं बच गया।
फिल्म का निर्माण करण जौहर ने किया था और करण मल्होत्रा ने इसका निर्देशन किया था, इसलिए यह स्पष्ट नहीं था कि उन्होंने किस करण की ओर इशारा किया था। अभिषेक ने अब स्पष्ट किया है कि उनका मतलब करण मल्होत्रा से था न कि जौहर से। अभिषेक ने एक बयान जारी किया, जिसमें लिखा था, इस हफ्ते मुझे दो रिलीज और एक विवाद का सामना करना पड़ा है। मैं अग्निपथ (2012) की कास्टिंग प्रक्रिया के दौरान धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा मेरी कंपनी कास्टिंग बे को निकालने के बारे में बहुत सारी रिपोर्ट पढ़ और सुन रहा हूं।

अभिषेक ने आगे कहा, दुर्भाग्य से इस स्थिति को मेरे द्वारा आरोप लगाने के रूप में पूरी तरह से गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। एक पॉडकास्ट में मैंने अपनी बर्खास्तगी का कारण बताया था, यह स्वीकार करते हुए कि मैं अग्निपथ के लिए निर्देशक करण मल्होत्रा के विजन के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ था। मैंने इस बात पर भी जोर दिया कि उस समय अनमोल और मैं काफी युवा थे, लगभग 20 से 23 साल के और किसी बड़ी कमर्शियल फिल्म के लिए कास्टिंग का बहुत कम या बिल्कुल भी अनुभव नहीं था, जिसके कारण शायद हमने प्रोजेक्ट के लिए मिस्टर मल्होत्रा की आवश्यकताओं की गलत व्याख्या की।
अभिषेक ने कहा कि मैंने धर्मा प्रोडक्शंस पर किसी भी तरह के गलत काम का आरोप नहीं लगाया है। वास्तव में, मेरे मन में धर्मा प्रोडक्शंस और करण जौहर के लिए गहरा सम्मान है। मैंने हमारी निकाले जाने के संबंध में कभी भी करण जौहर का उल्लेख नहीं किया, फिर भी कुछ रिपोर्टों में गलत दावा किया गया है कि उन्होंने ही हमें निकाला था। यह निर्णय वास्तव में मिस्टर मल्होत्रा की टीम द्वारा लिया गया था और मैंने अपनी गलतियों को स्वीकार किया। मैंने यह कहानी युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए साझा की कि भले ही आप असफल हों या किसी बाधा का सामना करें, आप हमेशा वापस उछल सकते हैं, जैसा कि मैंने किया। मैंने धर्मा के साथ कई प्रोजेक्ट्स पर काम किया, जिसमें ओके जानु, स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2, कलंक और हाल ही में रिलीज हुई किल और ग्यारह ग्यारह शामिल हैं। इसके अलावा, धर्मा ने मुझे अजीब दास्तां में एक अभिनेता के रूप में भी कास्ट किया।

## मुझे फिल्मों से हटना है, रिया चक्रवर्ती के शो में भावुक हुए आमिर खान

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले सुपरस्टार आमिर खान कई बार फिल्मों से संन्यास लेने का संकेत दे चुके हैं और अक्सर वे इस बारे में बात भी करते नजर आए हैं। रविवार को अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती ने अपने पॉडकास्ट चैप्टर 2 के आगामी एपिसोड का टीजर जारी किया। प्रोमो में आमिर खान और रिया के बीच बातचीत देखने को मिली। इस दौरान उन्होंने अपने स्टारडम के बारे में बात करने से लेकर फिल्मों पर विस्तार से चर्चा की। आमिर ने बताया कि वे फिल्मों से खुद को अलग करना चाहते हैं। आमिर ने कहा, मुझे फिल्मों से हटाना है। जवाब में रिया ने कहा, झूठ तो इस पर आमिर ने जवाब दिया, नहीं मैं सच बोल रहा हूं। एक समय पर आमिर भावुक भी हो गए। उन्हें आंसू बहाते और कुछ कहने से पहले रुकते हुए देखा गया। उन्हें यह कहते हुए सुना गया, वहां से मेरा चैप्टर 2 शुरू हुआ... 2022 में अपनी फिल्म लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद आमिर ने अभिनय से ब्रेक लेने की घोषणा की।



स्वास्थ्य जयपुर टाइम्स

सोमवार
03 फरवरी, 2025

तेरापंथ युवक परिषद की सराहनीय पहल

## कांतादेवी बुच्चा की आंखों से दो नेत्रहीन की जिंदगी होगी रोशन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर की कान्तादेवी बुच्चा धर्मपत्नी जवरीमल बुच्चा का शनिवार को 69 वर्ष की आयु में निधन हो जाने पर उनके देवर बच्छराज, नौरतन मल, राजेश बुच्चा व मनोज, मुकेश, संजय बुच्चा ने नेत्रदान के लिए सहमति प्रदान करने पर नेत्र संग्रह केन्द्र के काउंसलर भंवरलाल प्रजापत ने नेत्र संग्रह किया। नेत्रदान के लिए पंकज बच्छावत व तेरापंथ युवक परिषद ने परिजनों को प्रेरित किया। उक्त जानकारी देते हुए आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू मुख्यालय गांधी विद्या मंदिर सरदारशहर स्थित नेत्र संग्रह केन्द्र के कार्डिनेटर ने बताया कि 30 जनवरी को शुरू हुए केंद्र में यह दूसरा नेत्रदान हुआ है। उन्होंने बताया कि इससे दो लोगों का जीवन रोशन हो सकेगा। इससे पूर्व तहसील क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के गांव ढ़ाणी पांचेरा के सेवानिवृत्त शिक्षक भोमसिंह सारण ने बीकानेर, सावर के पूर्व सरपंच इन्द्रदास स्वामी की पौत्री मोनिका स्वामी का सरदारशहर में, मेहरासर चाचेरा के मनोहर सिंह राठौड़ का जयपुर में और गुरूवार को पूजा दूगड़ का सरदारशहर में नेत्रदान हो चुका है। कान्ता देवी बुच्चा का नेत्रदान किए जाने पर उनके परिजनों का गांधी विद्या मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, आयुर्वेद विश्व भारती के प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार व तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष लोकेश सेठिया ने आभार व्यक्त किया है।

## चिकित्साकर्मी आज दो घंटे करेंगें कार्य बहिष्कार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बाढ़मेर के सेड़वा में उपखंड अधिकारी की ओर से एक चिकित्सक के साथ की गई अभद्रता का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि 3 फरवरी को प्रदेश के समस्त राजकीय चिकित्सा संस्थानों में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक कार्य बहिष्कार किया जाएगा। डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि जिस प्रकार से एसडीएम ने चिकित्सक को धमकाते हुए चिकित्सकीय कार्य में बाधा पहुंचाई है, उससे पूरे प्रदेश के चिकित्सकों की भावनाएं आहत हुई हैं, इसलिए सरकार को इस मामले में कठोर कार्यवाही करनी चाहिए।

## गौसेवा ही सबसे बड़ा पुण्यः कीलक



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नाथोतालाब स्थित गोपाल गौशाला में राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक ने पिता लक्ष्मी नारायण कीलका की 23 वीं पुण्यतिथि पर गौमाता की पूजा अर्चना की और गायों को गुड़ खिलाया। इस दौरान गायों को गुड़ खल, हरा चारा खिलाया गया। इसके बाद गोशाला के गौ सेवक कर्मचारियों का सम्मान फूल माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व श्रीफल प्रदान कर किया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र किलक ने कहा कि गौसेवा से बढ़कर दूसरा कोई पुण्य नहीं हो सकता। इस अवसर पर गौशाला के अध्यक्ष माणकचंद सर्राफ, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी, पंथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल, संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष गिरधारी बुगालिया, मुंशी पंवार, महावीर प्रसाद, पंडित रामावतार शर्मा, लक्ष्मीनारायण गुर्जर, हनुमानाराम किलका, भींवाराम किलका, राजकुमार बुगालिया, मनोज कुमार जैन, वीरेंद्र सिंह, कमल सामरिया, रवि, मोहित गोठवाल, लक्ष्मी नारायण खिलेरी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## राजपत्रित अधिकारी बनने पर वंदना माटोलिया का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नया बास निवासी प्रहलादराय माटोलिया व मधु शर्मा की पुत्री वंदना माटोलिया ने राजपत्रित अधिकारी बनकर नाम रोशन किया है। वंदना माटोलिया ने बताया कि पहले ही प्रयास में सूचना व प्रोद्योगिकी एवं प्रसार विभाग के प्रोग्रामर पद पर उन्होंने सफलता प्राप्त की है। वंदना की कामयाबी की सूचना के बाद उनके घर पहुंचकर पथिक सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल, राकेश शर्मा आदि ने माल्यार्पण व मिठाई खिलाकर वंदना माटोलिया का अभिनंदन किया। वंदना माटोलिया की माता मधु शर्मा ने बताया कि वंदना की प्राथमिक शिक्षा आसाम के तिनसुकिया में हुई, जबकि 12 वीं तक का अध्ययन सुजानगढ में और उसके बाद बीसीए और एमसीए लाडनू से किया। इससे पहले भी वंदना सूचना सहायक के लिए चयनित हो चुकी हैं। वंदना माटोलिया ने बताया कि कड़ी मेहनत के साथ शोसल मीडिया से समुचित दूरी मेरी सफलता में कारण बना और माता पिता की प्रेरणा मेरे लिए सहयोगी का काम करती है। उन्होंने युवाओं से मेहनत के साथ लक्ष्य हासिल करने की अपील की।

# बीदासर बीदासर देश का दूसरा ब्लॉक, दो सौ से अधिक नामांकन वाले विद्यालयों में होगी इंटरेक्टिव बोर्ड से पढ़ाई

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** शहर के गांधी बाल निकेतन परिसर में रविवार को आयोजित बैठक में तारानगर तहसील के चयनित सरकारी स्कूलों व कॉलेजों के संस्था प्रधानों ने अपने अनुरोध पत्र प्रदान किए। इसके साथ ही तारानगर व बीदासर के बाद देश का दूसरा ऐसा ब्लॉक बन गया है, जिसमें 200 से अधिक विद्यार्थी संख्या वाले सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों में इंटरेक्टिव बोर्ड से पढ़ाई होगी। जिले की 200 से अधिक विद्यार्थी संख्या वाली सरकारी स्कूलों व कॉलेजों में गांधी बाल निकेतन के सचिव राजीव उपाध्याय की ओर से भामाशाहों के सहयोग से इंटरेक्टिव बोर्ड लगाने की परियोजना के अंतर्गत जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के समक्ष हुए एमओयू की पालना में बीदासर के बाद अब तारानगर ब्लॉक में बोर्ड स्थापना का कार्य शुरू किया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए भामाशाह प्रेरक उपाध्याय ने कहा कि शिक्षाविद चंपालाल उपाध्याय की ओर से जीवन पर्यंत क्षेत्र में शैक्षणिक विकास के लिए किए गए कार्यों को आगे बढ़ाने की दृष्टि से शुरू की गई परियोजना के अंतर्गत रतनगढ़, सुजानगढ़ व चूरू के चयनित स्कूलों में भामाशाहों के सहयोग से तीन करोड़ 50 लाख रुपए के 230 इंटरेक्टिव बोर्ड की स्थापना हो चुकी है। तारानगर में प्रवासी भामाशाह डॉ अशोक सराफ की ओर से 16 इंटरेक्टिव बोर्ड तथा भामाशाह राजकुमार ठर्ड की ओर से 11 इंटरेक्टिव बोर्ड उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। भविष्य में जिला कलेक्टर व शिक्षा विभाग के साथ मिलकर स्थानीय भामाशाहों को प्रेरित किया जाएगा। तारानगर सीबीईओ सुमन जाखड़ ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत चयनित सभी स्कूलों व कॉलेजों में 75 इंच के अत्याधुनिक इंटरेक्टिव बोर्ड स्थापित करवाए जाएंगे। परियोजना समन्व्यक पूर्व सीबीईओ कुलदीप व्यास ने बताया कि इंटरेक्टिव बोर्ड के माध्यम से विद्यार्थियों का पढ़ाई के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इस नवाचार से शिक्षक वर्ग जटिल विषयों को विद्यार्थियों को सरलता से समझा सकते हैं। बोर्ड प्रशिक्षक देवेन मिश्रा ने इसके संचालन संबंधित संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत करते हुए प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया। बैठक में उर्मिला, मंजू गोठवाल, विजेंद्रसिंह, पवनकुमार, विकास शर्मा, राजाराम, ओमप्रकाश, नरेंद्रसिंह, देवाराम नैण, रतनसिंह, सुरेश कुमार, जगतसिंह, घड़सीराम सुथार, मुंशीलाल, रोशनलाल, मुकेश कुमार, सरदारसिंह, अग्नि कुमार, मुकेश कुमार, बजरंगलाल पारीक, विश्वनाथ भाटी उपस्थित रहे।

## किसानों का धरना तीसरे दिन भी जारी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के एसडीएम कार्यालय के आगे बिजली की समस्या के समाधान की मांग को लेकर दिन-रात किसान आंदोलन करते हुए एसडीएम कार्यालय के आगे तीसरे दिन पर धरने पर बैठे रहे। धरने पर बैठे किसान सभा के किसान नेता रामकृष्ण छींपा ने बताया कि नाहरसरा गांव में बिजली विभाग की ओर से बिजली सप्लाई को बंद कर दिया था। आज 9 दिन हो गए लेकिन बिजली विभाग की ओर से नाहरसरा गांव की बिजली सप्लाई चालू नहीं की गई। बिजली विभाग के अधिकारियों की ओर से किसानों के साथ वार्ता की गई। लेकिन वार्ता का कोई सकारात्मक अधिकारियों की ओर से जवाब नहीं दिया गया। जिसके कारण विरोध स्वरूप अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम कार्यालय के आगे दिन-रात प्रचंड सर्दी के दौर में भी धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। किसानों की जायज मांग को लेकर किसान पिछले तीन दिनों से धरने पर बैठे हैं। लेकिन प्रशासन की ओर से इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। जिसको लेकर 3 फरवरी को अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों की ओर से ताल मैदान से गांधी चौक तक रैली निकालकर गांधी चौक पर प्रशासन के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। तहसील क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों से ज्यादा से ज्यादा रैली व विरोध प्रदर्शन में पहुंचने के लिए आह्वान किया गया है। गांव नाहरसरा की बिजली सप्लाई मामले के साथ ही पूरे तहसील क्षेत्र में 6 घंटे किसानों को कृषि कनेक्शनों पर बिजली मिले उसको लेकर यह विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। एसडीएम कार्यालय के आगे दिन-रात के धरने में किसान सभा के तहसील मंत्री काशीराम सारण, राजूराम कड़वासरा, सांवरमल डूडी, सोहनलाल मेघवाल, रामकिशन पारीक, संदीप भारतीय, नेमदास स्वामी, पप्पू राम, भादरराम, मुन्ने सिंह, मोहनलाल सारण, देवीलाल बांगड़वा, सांवरमल नाई, दिलीप सारण, हीरालाल बेनीवाल सहित अनेक किसान बिजली की समस्या के समाधान को लेकर दिन-रात के धरने पर बैठे हैं।

## कुम्हार कुमावत महासभा के नगर अध्यक्षों की नियुक्ति

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह कठोड ने प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर आरसी कुमावत व चूरू जिला प्रभारी एडवोकेट दीनदयाल प्रजापत के निर्देशानुसार चूरू जिले के नगर अध्यक्षों की नियुक्ति की है। जिलाध्यक्ष कठोड के अनुसार राजलदेसर से लालाराम कुचेरिया, बीदासर से किशन लाल भोभरिया, सुजानगढ़ से मन्नालाल ढुढाड़ा, पडिहारा से सुरेश कुमार सरस्वा, छापर से अशोक कुमार धनारिया, राजगढ़ से जगदीश प्रसाद पत्रकार, तारानगर के रामचंद्र कुलसिया, सरदारशहर से सांवरमल प्रजापत, रतनगढ़ से सुनील कुमार बबेरवाल, चूरू से एडवोकेट निर्मल वर्मा को नियुक्त किया है। कठोड ने बताया कि सभी अध्यक्षों को शीघ्र कार्यकारिणी बनाने के लिए निर्देश दिए है।

## अवैध देशी कट्टा व दो जिन्दा कारतूस सहित ईनामी आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** पुलिस ने अवैध देशी कट्टा व दो जिन्दा कारतूस सहित ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिले में अवैध हथियार के खिलाफ कार्यवाही के लिए शरद चौधरी उप महानिरीक्षक पुलिस झुन्झुनू की ओर से ओर से थानाधिकारी को निर्देश प्रदान किए गए थे। जिसकी पालना में थाना पिलानी व एजीटीएफ की टीमों का गठन किया गया। एजीटीएफ टीम की ओर से चिडावा बाईपास कल्पवृक्ष अस्पताल के पास कच्चा रास्ता पिलानी पर आरोपी दिपन ऊर्फ टकला पुत्र रामप्रताप निवासी वार्ड संख्या 6 भूतनाथ मन्दिर के पास पिलानी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा व दो जिन्दा् कारतूस बरामद कर आर्म्सर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया जाकर अनुसंधान शुरू किया गया व आरोपी से पूछताछ जारी है। आरोपी पूर्व में अवैध हथियार से वर्ष 2023 में पिलानी में फायरिंग कर हत्यारा का प्रयास करने का 5000 रूपए का ईनामी अपराधी है।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन में 21 जोड़े बने हमसफर



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** देव डूंगरी देवनारायण मन्दिर पर गुर्जर समाज के वार्षिक बंधेज पूर्णाहुति व चतुर्थ निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में 21 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे और भगवान देवनारायण को साक्षी मानकर अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। इस दौरान ऊपरमाल, खैराड़ व बरड़ क्षेत्र से बड़ी संख्या में आए समाजजन मौजूद रहे। विधायक उदयलाल भड़ाना, पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर, राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, अखिल भारतीय गुर्जर महासभा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद धाभाई , ऊपरमाल -बरड़- खैराड क्षैत्र गुर्जर महासभा अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर, सत्यनारायण गुर्जर,जिप सदस्य अंकित तिवाड़ी, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष रामफूल धाकड़, भूपेंद्र धाभाई, महेंद्र गुर्जर समेत बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के महिला,पुरुष व युवा मौजूद रहे।

## कोटा में बदमाश ने खुद को गोली मारी, 26 जनवरी को दुकानदार पर की थी फायरिंग



जयपुर टाइम्स

**कोटा(निसं.)** कोटा में 26 जनवरी को दुकानदार पर फायरिंग करने वाले आरोपी ने खुद को गोली मार ली। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने उसके फ्लैट पर पहुंची थी। पुलिस से घिरा देखकर उसने खुद को गोली मारकर जान दे दी। आरोपी ने अपने 3 साथियों के साथ मिलकर एक दुकानदार पर फायरिंग की थी। आरोपी और उसके साथियों का कार में सिगरेट नहीं देने पर दुकानदार से विवाद हो गया था। मामले में पुलिस ने एक आरोपी रजनीश पोटर (27) को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि तीन फरार चल रहे थे। मामला बोरखेड़ा थाना इलाके की श्रीनाथपुरम कॉलोनी का है। डीएसपी लोकेंद्र पालीवाल ने बताया- 26 जनवरी को सिगरेट को लेकर हुए विवाद के बाद फायरिंग करने वाले 4 आरोपियों में से रुद्र उर्फ आरडीएक्स भी एक था। कई दिनों से महावीर नगर थाना पुलिस फायरिंग के आरोपियों की तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही थी। पुलिस ने रविवार को लोकेशन ट्रेस कर नीलकंठ अपार्टमेंट के पास श्रीनाथपुरम कॉलोनी के एक मकान की घेराबंदी की। एक टीम रुद्र के फ्लैट तक पहुंची, लेकिन बदमाश ने गेट नहीं खोला। खुद को पुलिस से घिरा देख उसने अवैध पिस्टल से गोली मारकर सुसाइड कर लिया। दुकानदार रणजीत सिंह ने महावीर नगर थाने में रिपोर्ट दी थी। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी की रात 10.30 बजे जीएडी सर्किल पर स्थित मेरी चाय की दुकान पर स्विफ्ट कार में 5 व्यक्ति आए थे। उन्होंने कार के अंदर बैठे-बैठे ही मुझसे सिगरेट मांगी। मैंने उनको सिगरेट नहीं दी तो उन लोगों ने मेरे और मेरे भाई पवन सिंह हाड़ा के साथ मारपीट की। दुकानदार ने बताया- एक युवक ने जान से मारने की नीयत से हम पर फायरिंग कर दी और कार लेकर फरार हो गए। मेरे भाई पवन सिंह हाड़ा के हार्ट के पास सीने पर गोली लगी। मैंने भाई को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

## चारपाई के नीचे अलाव जलाकर सोई महिला जली, कंकाल मिला

**भुसावर** ठंड से बचने के लिए चारपाई के नीचे अलाव जलाकर सोई महिला की जलकर मौत हो गई। रविवार सुबह 4 बजे पड़ोसी उठा तो उसने मकान से धुआं निकलता देखा। उसने बाकी पड़ोसियों को जगाया। पुलिस को जानकारी दी। महिला मकान में अकेली रहती थी। जली हुई चारपाई पर उसका कंकाल मिला। घटना भरतपुर जिले के भुसावर कस्बे के पुरानी सब्जी मंडी इलाके में रात 2 से 3 बजे के बीच हुई। भुसावर थानाधिकारी नरेश शर्मा ने बताया- थाना इलाके की पुरानी सब्जी मंडी में लच्छो देवी (60) अकेली रहती थी। वह विधवा थी। दो बेटों की मौत पहले ही हो चुकी है।

## नामदेव जयंती-बसंत पंचमी महोत्सव मनाया



**बिजौलियां(निसं.)।** नामदेव दर्जी समाज द्वारा संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज का ज्ञानोदय दिवस-बसंत पंचमी महोत्सव मनाया गया। अ.भा. ना.टा. क्ष.महासभा राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अभिषेक सर्वा ने बताया कि पूजा-अर्चना कर महिलाओं द्वारा कीर्तन किया गया। प्रभाकर टेलर द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।ओमप्रकाश टेलर ,प्रेम कुमार, नन्दलाल,बाबूलाल, घनश्याम,प्रकाश,श्याम, अनिल , मुकेश ,दिनेश , प्रहलाद , दीपक ,जय नारायण, ब्रजमोहन , राजेंद्र ,दीनदयाल , प्रहलाद , निरंजन टेलर समेत समाजजन मौजूद रहे।

पथिक सेना संगठन ने की गिरफ्तारी की मांग

## खानपुर विधायक उमेश के बयानों से गुर्जर समाज में रोष, उसे मिले सख्त सजाः पोसवाल

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** उत्तराखण्ड में ऐतिहासिक रही गुर्जर रियासत प्रकरण पर वहां की सरकार और प्रशासन का गुर्जरो के प्रति भेदभाव और द्वेषता भरे व्यवहार के कारण गुर्जर समाज और पथिक सेना संगठन में भारी आक्रोश है। पथिक सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल ने कहा है कि खानपुर विधायक उमेश कुमार के कुछ वीडियो जारी हुए हैं, जिनमें वो हथियार लेकर पूर्व मंत्री को मारने दौड़ रहा है व राजघराने के पूर्व मंत्री चेम्पियन प्रवण सिंह को आपत्तिजनक भाषा बोल रहा है, जिसमें पुलिस प्रशासन व मीडिया मौजूद है। दूसरे वीडियो में वो चौम्पियन को अभद्र भाषा मे उकसा रहा है और पूछ रहा है कि वो कहा है, और तीसरे वीडियो में वो महल में हथियारों सहित भीड़ के साथ घुसकर पूर्व महाराज को मारने के लिए ढूंढ रहा है और प्रशासन ऐसे अपराधी को प्रोटेक्शन दे रहा है। पोसवाल ने बताया कि लढोरा का महल एक रियासत और राजमहल ही नहीं, बल्कि ये देश मे स्वाभिमान का प्रतीक और गुर्जर समाज के लिए गंगा से पवित्र और चारों धामो की तरह है। जिस पर हुई घटना से आत्मसम्मान का सवाल हो गया है। इसी महल ने राजा जोगराज पंवार के सानिध्य में तैमूर लंग को शिकस्त दी थी। इसी महल में राजा विजयसिंह गुर्जर ने अंग्रेजो के खिलाफ 1822 में पहली क्रांति का सूत्रपात किया था। पोसवाल ने कहा एक विधायक ऐसे पवित्र महल में घुस राज परिवार को धमकाने का काम करता है और प्रशासन उस पर कार्यवाही नहीं करता है, जिससे साफ ताहिर है कि उत्तराखंड में समान अपराध के लिए दो प्रकार के कानून अपनाए जा रहे हैं। पोसवाल ने बताया कि प्रशासन को सूचना देने के बाद उसके खिलाफ कार्यवाही क्यों नही की? मजबूरन आत्मसम्मान में जब चेम्पियन प्रणव सिंह ने कार्यवाही की तो उन्हें जेल भेज दिया गया। आखिर स्टिंग ऑपरेशन करने वाले विधायक के पास सरकार और प्रशासन की दबी हुई कौनसी कुंजी है, जिसके चलते विधायक को जेल नहीं भेज रहे हैं। पोसवाल ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए कहा कि विधायक उमेश कह रहा हैं मेरे ऊपर 130 मुकदमे हैं, तो फिर यह चुनाव कैसे लड़ा। संगठन के माध्यम से पोसवाल ने उत्तराखंड के विधानसभा अध्यक्ष और राज्यपाल से ऐसे विधायक को बर्खास्त करने की मांग की और सरकार और प्रशासन से विधायक उमेश कुमार के खिलाफ इस प्रकरण में जेल भेजने व पूर्व सभी अपराधों पर राज्य में स्पेशल टीम गठित कर इसके खिलाफ संज्ञान लेने की मांग की है। पोसवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि वहां की सरकार और प्रशासन ने समाज संगठनो व नेताओं को दबाने का काम किया, तो देश भर में आंदोलन होगा।

## हचुकड़ा में नहीं पहुंच रहा 'नीर', स्त्रोतों को दिया 'चीर'

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निसं.)** ग्राम पंचायत हबसपुरा के हचुकड़ा गांव में जल जीवन मिशन का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। गांव में दर्जनों लोगों को अवैध कनेक्शन कर लिए जिसके कारण घरों में लगे नल पानी की बाट जोह रहे हैं। स्थानीय वार्ड पंच राजेंद्र कुमार यादव ने बताया कि गांव में लगभग 80 प्रतिशत अवैध नल कनेक्शन हो गए हैं जिसके कारण आमजन पेयजल को तरसने पर विवश हो गए हैं। यादव ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सांभरलेक के सहायक अभियंता को लिखित में ज्ञापन सौंपकर अवैध जल कनेक्शन करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने और अवैध कनेक्शन हटवाने की मांग की है। ज्ञापन में लिखा है कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम ने 28 जनवरी को हचुकड़ा गांव में घर घर जाकर पेयजल कनेक्शनो की जांच की थी जिसमें 80 प्रतिशत अवैध कनेक्शन पाए गए थे।

## श्रीयादे माता की जयंती समारोह का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** माता शीतला माता के मन्दिर में कुलदेवी श्रीयादे माता की जयंती मनाई गई।वही गंगाराम कुम्हार ने द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।वही हरफूल प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीयादे माता प्रजापति समाज की आराध्या देवी है। इन्हें प्रजापति समाज की कुलदेवी भी माना जाता है। कहा जाता है कि श्रीयादे माता माँ गौरा पार्वती का अवतार थी तथा इनके पति सावतों जी भगवान शंकर के अवतार थे। इसी कारण आज भी देशभर में माघ सुदी दोज को श्रीयादे माता की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। कार्यक्रम में देवीसहाय कुम्हार , अर्जुन प्रजापत, डॉ. रोहिताश कुम्हार, हरफूल प्रजापत, भोलाराम , राहुल प्रजापत, प्रवीण प्रजापत सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

## फार्मासिस्ट भर्ती 2023 की अंतिम चयन सूची जारी नहीं, अभ्यर्थियों में रोष।

जयपुर टाइम्स

**बाली(निसं.)** फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने फार्मासिस्ट भर्ती 2023 की अंतिम चयन सूची जारी न होने पर नाराजगी जताई है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार सेन ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहले ही स्पष्ट किया गया था कि अंतिम चयन सूची 31 जनवरी 2025 तक जारी कर दी जाएगी, लेकिन राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (शिफू) अब तक सूची तैयार नहीं कर पाया है।

### 13 वर्षों से भर्ती का इंतजार

राजस्थान में फार्मासिस्ट अभ्यर्थी पिछले 13 वर्षों से भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। पैरामेडिकल की आठ भर्तियों में से सात में पदस्थापन हो चुका है, लेकिन फार्मासिस्ट भर्ती 2023 की सूची जारी करने में लगातार देरी की जा रही है।

### एसोसिएशन ने जताई आपत्ति

एसोसिएशन ने इस देरी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सरकार और भर्ती एजेंसी से जल्द से जल्द अंतिम सूची जारी करने की मांग की है। अभ्यर्थियों का कहना है कि यदि जल्द सूची जारी नहीं हुई तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। सरकार और संबंधित विभाग से जल्द कार्रवाई की उम्मीद!

## चौमूं में बदमाशों ने कार की नंबर प्लेट चुराकर टायर किए पंक्चर, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निसं.)।** रेनवाल रोड स्थित लक्ष्मी पैराडाइज गार्डन के सामने बदमाशों ने बीती रात एक कार की नंबर प्लेट चुराकर उसके टायर पंक्चर कर दिए। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### घटना का विवरण

पीड़ित परिवार के अनुसार, उन्होंने अपनी कार घर के बाहर खड़ी की थी। रात के अंधेरे में एक कार में तीन बदमाश आए। इनमें से दो बदमाश, जिन्होंने अपने मुंह पर रुमाल बांध रखा था, कार से नीचे उतरे और नुकीली वस्तु से कार के टायर पंक्चर कर दिए। इसके बाद उन्होंने खड़ी कार के दोनों नंबर प्लेट तोड़कर चोरी कर लिए और मौके से फरार हो गए। पीड़ित परिवार इस घटना से आहत और डरा हुआ है। उनकी आशंका है कि बदमाशों ने यह कृत्य किसी रंजिशवश किया है या फिर चोरी की गई नंबर प्लेट का उपयोग किसी बड़ी अपराधिक वारदात में किया जा सकता है। इससे न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है।

### पुलिस की कार्रवाई

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए बदमाशों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा और उन्हें कानून के शिकंजे में लाया जाएगा।

### क्षेत्र में बढ़ती अपराधिक घटनाएं

इस घटना ने एक बार फिर चौमूं में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ती अपराधिक घटनाएं चिंता का विषय बन गई हैं। लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### सतर्कता और सावधानी की अपील

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा करें और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना पुलिस को दें। इससे अपराधों को रोका जा सकता है और अपराधियों पर नकेल कसी जा सकती है। इस वारदात ने जहां लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है, वहीं पुलिस की तत्परता पर भी सवालिया निशान लगाया है। अब देखना यह है कि पुलिस कब तक बदमाशों को गिरफ्तार कर इस मामले को सुलझाती है।

## सैनी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर प्रथम परिचय सम्मेलन हुआ आयोजित

### 11 युवक-युवतियों ने सामूहिक विवाह के लिए दिया परिचय, एक जोड़े का हुआ पंजीयन

### अब 9 फरवरी को होगा द्वितीय परिचय सम्मेलन



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निसं.)।** शहर के रींगस रोड़ स्थित सैनी समाज सभा भवन में रविवार को माली समाज विकास समिति तहसील चौमूं अध्यक्ष हीरालाल सैनी पाच्यां की अध्यक्षता में सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर प्रथम परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इससे पूर्व बसंत पंचमी के मौके पर सभी समाज बंधुओ ने मां सरस्वती व महात्मा ज्योतिबा फुले व मां सावित्रीबाई फुले की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर परिचय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। महामंत्री मदनलाल मालेरिया ने बताया कि आगामी 6 अप्रैल रामनवमी के अबूझ सावे पर होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर प्रथम परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें 11 युवक-युवतियों ने सामूहिक विवाह को लेकर परिचय दिया है। जिसमें एक जोड़े का पंजीयन किया गया। और आगामी 9 फरवरी को सैनी समाज सभा भवन में सुबह 11.00 से दोपहर 3.00 बजे तक द्वितीय परिचय सम्मेलन होगा। इस मौके पर नगर परिषद सभापति विष्णु कुमार सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष माया सांखला, कोषाध्यक्ष कुमार गौरव सैनी एडवोकेट, सयुंक्त मंत्री दीपक सैनी, महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया,भवन निर्माण समिति अध्यक्ष नंछूराम बिसनालिया, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम तंवर, पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद सहाय अधोप्या, गैंदीलाल महारकलां, उपाध्यक्ष प्रकाश सैनी सामोद, पार्षद प्रतिनिधि श्रवण सैनी, छीतरमल बबेरवाल, पूर्व सरपंच कैलाश चंद्र बैनाडिया, कैलाश सिंगोदिया, सूरजमल करवा, बाबूलाल राईं, ओमप्रकाश भगत, शंकरलाल जाखड़, मोहनलाल सैनी, प्रभू राईं, किशनलाल जमालपुरिया सहित अन्य समाजबंधु उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह शुरू, श्रद्धालुओं में भक्ति का उत्साह

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निसं.)।** शहर के सब्जी मंडी के पास अग्रवाल धर्मशाला स्थित सत्यनारायण मंदिर परिसर में 2 फरवरी से 9 फरवरी तक चलने वाले श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। गढ़ गणेश मंदिर से 108 मंगल गीत गाते हुए महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा निकाली। आयोजन सत्यनारायण व यज्ञदत्त सर्राफ के तत्वावधान में हो रहा है। कलश यात्रा में श्रद्धालु भगवान कृष्ण के भजनों पर नाचते हुए चल रहे थे। यात्रा में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा व कथा आयोजक सत्यनारायण सर्राफ श्रीमद् भागवत ग्रंथ को सिर पर धारण कर आगे-आगे चल रहे थे। रास्ते में विभिन्न संगठनों और श्रद्धालुओं ने बावड़ी गेट, त्रिपोलिया बाजार, सब्जी मंडी, लक्ष्मीनाथ चौक और सदर बाजार में पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में जनरल फैंसी फुटवियर व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सैनी, खुदरा व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, भामाशाह मनीष गोयल व समाजसेवी सांवरमल गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे। कलश यात्रा के पश्चात श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का विधिवत शुभारंभ हुआ। कथा वाचक पंडित रामबाबू शास्त्री ने पहले दिन महात्यम्, भक्तिज्ञान वैराग्य, गौकर्णोपाख्यान की कथा सुनाई। सोमवार को महर्षि वेदव्यास-नारद संवाद, परिक्षित जन्म, शुकदेव आगमन, विदूर चरित्र व कपिल-देवहूति संवाद की कथा होगी। कार्यक्रम में श्री श्याम मित्र मंडल, अग्रवाल समाज, श्री अंतरराष्ट्रीय कृष्णा भावना अमृत संघ, श्री राम नवयुवक सुंदरकांड मंडल, बाबा अमरनाथ कांवड़िया संघ, श्री राधे कृपालु प्रेम रस मंडल के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा के दौरान श्रद्धालु भगवान की भक्ति में झूमते नजर आए।

जीआरपी पुलिस की अवैध मादक पदार्थ पर कार्यवाही

## 26 किलो 550 ग्राम डोडा चुरा सहित तीन युवक गिफ्तार

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** राजकीय रेलवे पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ पर कार्यवाही करते हुए तीन युवकों की गिरफ्तार किया है तीनों आरोपियों के कब्जे से 26 किलो 550 अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा पाउडर बरामद किया है । आरोपीयों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । थानाधिकारी गुलज़ारी लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे स्टेशन पर गश्त टीम के द्वारा प्लेटफॉर्म नंबर 02 के पश्चिमी छोर पर तीन संदिग्धों को डिटेन किया गया । डिटेनशुदा तीनों लड़कों से पुलिस को देखकर भागने का कारण पूछा तो तीनों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया । जिसके बाद उनके बैग की तलाशी ली गई जिसमें अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा पाउडर बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत। 3 लाख 98 हजार 250 रुपये बताई जा रही है । टीम ने कार्रवाई करते हुए अमन आयु 31 साल, सुलेमान आयु 35 साल, रिकी आयु 30 साल को गिरफ्तार किया गया तथा तीनों



के कब्जे से 26 किलो 550 ग्राम डोडा चूरा पाउडर जप्त कर। उक्त तीनों युवकों के खिलाफ तस्करी के मामले में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है । प्रकरण में आसूचना अधिकारी कृष्णा विश्नोई की विशेष भूमिका रही। कार्यवाही में राजकीय रेलवे पुलिस थाना फुलेरा के थानाधिकारी गुलज़ारीलाल, कृष्णा, निंबाराम, ओमप्रकाश शामिल रहे।

## आलीसर बस स्टैंड के पास स्थित बाबा भुधर दास तपोस्थली पर 255 वीं बरसी का आयोजन हुआ



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निसं.)।** ग्राम पंचायत आलीसर बस स्टैंड के पास स्थित बाबा भूधरदास जी महाराज तपोस्थली पर 255 वीं बरसी का आयोजन हुआ । इस अवसर पर मंदिर के महंत गंगादास महाराज के सानिध्य में हर्षोल्लास के बड़ी धूमधाम के साथ हुआ आयोजन । महंत गंगा दास महाराज ने बताया कि यह हर वर्ष बरसी मनाई जाती है । इस मौके पर इस दिन आसपास के ग्रामों से व दूर दराज से ढाणी वासियों मंदिर में पहुंचकर धुणे पर भोग लगाकर अपने परिवार जनों के क्षेत्र वासियों की लिए माथा टेकर खुशालियों की व सुख समृद्धि की मनौतिया मांगी व आशीर्वाद प्राप्त किया । मंहत महाराज ने बताया कि इस दिन मंदिर परिसर में विशेष फूल बंगला झांकी सजाई गई।एक दिवसीय राम रामायण पाठ का आयोजन हुआ। यह आयोजन ग्राम पंचायत आलीसर सहित आस - पास के ग्रामीणों के जन सहयोग से भंडारे का आयोजन हुआ। खीर, मालपुआ का भोग लगाकर सुख समृद्धि की कामना की।आलीसर पंचायत सहित आस - पास के क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीणो व श्रद्धालुओ जयकारों के साथ पंगत - प्रसादी ग्रहण कर खुशहाली की मन्नतें मांगी। इस मौके पर रामस्वरूप डागर , राधेश्याम शर्मा , कानाराम स्वामी , सीताराम टेलर्स, नरेंद्र कुमार यादव , कैलाश चन्द, देवाराम कुमावत , राजेन्द्र कुमार कुमावत , सीताराम लालचंद कुमावत , जय पाल स्वामी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बसंत पंचमी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया, धार्मिक आयोजनों की रही धूम
















**सरदारशहर।** शहर के उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्यारंभ संस्कार यज्ञ व सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर 21 जोड़ों ने यज्ञ में भाग लिया। 51 बच्चों का नामांकन किया गया और उनका पारंपरिक पाटी पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति से व्यवस्थापक अशोक कसेरा, समिति उपाध्यक्ष दिनेश सोनगरा और विद्यालय के प्रधानाचार्य रामसिंह शेखावत, विद्यालय के प्रभारी मनोजकुमार खेड़ीवाल, शिशु वाटिका प्रभारी रामचंद्र स्वामी और विद्यालय के सभी आचार्य सम्मिलित हुए। विद्यालय के व्यवस्थापक अशोक कसेरा ने अभिभावकों को विद्या, संस्कृति व संस्कारों का महत्व बताया। अंत में मां सरस्वती की आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। इसी प्रकार शहर के एसवीपी इंग्लिश एकेडमी में बसंत पंचमी पर्व एवं सरस्वती पूजन श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने मां सरस्वती का पूजन व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना के साथ अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पीले रंग के वस्त्र पहने हुए विद्यार्थी पूरे वातावरण को बसंतमय बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य गौड़ ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती का प्राकट्य माना जाता है। शिक्षा के मंदिर में विद्यादात्री मां सरस्वती का पूजन सबसे बड़ा पर्व होता है। मां सरस्वती संपूर्ण विश्व में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर हम सबको विवेकपूर्ण ज्ञान का वरदान दें, जिससे हम देश व समाज की उन्नति में सहायक हो सकें। कार्यक्रम में अर्चना चौधरी, वंदना वर्मा, टीना शर्मा, दिव्या सोनी, अनिल कुमार, ज्योति सोनी, सरोज प्रजापति, गीतिका स्वामी आदि ने बसंत पंचमी पर्व के महत्व के बारे में बताया। मीनाक्षी डीडवानिया, खुशबू पांडिया, रायचंद आदि ने आयोजकीय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश नाई ने किया। वहीं शहर के श्री नामदेव टांक क्षत्रिय समाज की ओर से बसंत महोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश स्वामी की ओर से आरती के पश्चात 1 फरवरी शनिवार रात्रि को सुनील भोजक एंड पार्टी की ओर से सुंदरकांड का पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया गया। 2 फरवरी रविवार को सुबह 10.30 बजे हरिप्रसाद बेदी की ओर से गायत्री हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी बजरंग लाल कोकचा उनकी धर्मपत्नी संगीता कोकचा की ओर से पूर्ण आहुति दी गई। इस अवसर पर श्री नामदेव संत पर आधारित फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष विनोद खत्ती, मंत्री सागरमल झेडू, उपाध्यक्ष मनोज कुमार दर्जी, भंवरलाल भाटी, मोहनलाल कांवलिया, ओमप्रकाश कायथ, किशन लाल झांकल, रवि झेडू, त्रिलोकचंद झांकल, विनोद मोयल, बाबूलाल झेडूं, उम्मेद मल झांकल, जगदीश पूर्वा, हिमांशु पूर्वा, महावीर मोयल, पवन झांकल, संतलाल बड़सर, लालचंद झेडू, नंदकिशोर दर्जी, संजय बेदी, ओम प्रकाश भाटी, नवरत्न मल झेडू सहित अनेक लोग दो दिन बसंत उत्सव में उपस्थित रहे।

**सुजानगढ़ ।** स्थानीय अगुणा बाजार स्थित श्रीलक्ष्मीनाथ मंदिर में महाआरती के बाद बसंत पंचमी महोत्सव पर भजनों का आनंद श्रद्धालुओं ने लिया। भक्त और महिला शक्ति ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर पुष्प वर्षा की और प्रसाद ग्रहण किया। श्रीलक्ष्मीनाथ महिला मण्डल की ललिता मंगलूनिया, रेखा न्यामावाला, मुन्नी देवी, मंगलूनिया, शोभा बेड़िया, महिमा मिश्रा, अंजू बेड़िया, कांता मालानी, रंजना महेश्वरी, स्वाति मिश्रा, राधा देवी, चन्द्रा देवी, पुष्पा देवी आदि महिला शक्ति ने भजन गायन कर आनन्द लिया। पं. विजयशंकर मिश्रा ने बताया कि परमानंद मंगलूनिया, किसन बेड़िया, कांशीराम रेणीवाल, रमेश इन्दोरिया, देवांशु मिश्रा, शंकरलाल प्रजापत आदि जनों ने सहयोग कर आयोजन को सफल बनाया।

**चूरू।** भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन की ओर से चल रही गीता क्लासेज में रविवार को बसंत पंचमी और सूर्य सप्तमी उत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि बसंत पंचमी और सूर्य सप्तमी के अवसर पर बच्चों का गुलाल का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर प्रेमलता अग्रवाल और हर्षित सोनी ने बच्चों को पांच श्लोक, नित्य नियम, संकीर्तन और प्रार्थना का अभ्यास करवाया। हर्षित ने बच्चों को गीता के श्लोक के बारे में विस्तृत जानकारी दी। योगाचार्य शंकरलाल ने बच्चों को योग के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक सूर्य नमस्कार भी किया। कार्यक्रम का संचालन मोहित सिंघानिया, विशाल, प्रियंका शर्मा और यशस्वी अग्रवाल ने किया।

**चूरू।** सामाजिक संस्था लायंस क्लब की ओर से रविवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर स्थानीय हनुमानगढ़ी गौशाला में गोवंश को गुड़ खिलाया गया। क्लब अध्यक्ष लायन अनुराग शर्मा ने बताया कि क्लब की ओर से सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में लगातार अनेक प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाती है। इसी क्रम में रविवार को भी पुष्पा देवी नागवान के आर्थिक सौजन्य से गौशाला में गायों को 130 किलो गुड़ खिलाया गया। इस अवसर पर लायन चंद्र प्रकाश खत्री, राजीव शर्मा, राजीव चाहर सहित क्लब के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**झुंझुनूं।** मालसर स्थित राजकीय आयुर्वेद औषधालय (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) में रविवार को बसंत पंचमी के अवसर पर ग्रामवासियों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत उपनिदेशक डॉ. जितेन्द्र स्वामी के मार्गदर्शन में वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील बलोदा की ओर से आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाने से हुई। इस काढ़े का उद्देश्य ग्रामवासियों की रोगप्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना था। इसके बाद, पुरुष योग शिक्षक मनोज सैनी और महिला योग शिक्षक मन्जू कुमारी ने ग्रामवासियों को दैनिक जीवन के अनुसार योगाभ्यास कराया। योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने के लिए यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम के समापन पर औषधालय के कर्मचारियों, ग्रामवासियों और स्कूल के विद्यार्थियों ने एक साथ मिलकर सरस्वती पूजन किया और प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर ग्रामवासी, विद्यार्थी और योग साधक भी उपस्थित रहे।

# राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
03 फरवरी, 2025

## सांसद, कलेक्टर की मौजूदगी में बर्ड फेस्टिवल -2025 का समापन

# ताल छापर बर्ड फेस्टिवल से क्षेत्रीय विशेषताओं को मिलेगा बढ़ावा

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला प्रशासन, वन विभाग, छापर नगरपालिका और सम्प्रीति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिले के तालछापर वन्यजीव अभ्यारण्य में आयोजित दो दिवसीय बर्ड फेस्टिवल - 2025 रविवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में सांसद राहुल कस्वां, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, श्रवण कुमार माली, आईएफएस संग्राम सिंह, एडीएम मंगलाराम पूनिया, डीएफओ वीरेंद्र सिंह कृष्णिया, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, डॉ ममता शर्मा, डॉ अनिल छंगानी, सरवनदीप सिंह, देवेन्द्र मिस्त्री, ईओ भवानीशंकर व्यास सहित अतिथि मंचस्थ रहे। एसीएफ महेन्द्र लेखाला, श्रवण कुमार माली, धनश्याम नाथ कच्छावा आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि ताल छापर अभयारण्य पूरी दुनिया में मशहूर है। अब बर्ड फेस्टिवल के आयोजन होने से यहां की क्षेत्रीय विशेषताओं को बढ़ावा मिलेगा। सरकार व जिला प्रशासन के नवाचारों के साथ आमजन मिलकर सहयोगी की भूमिका निभाते हुए वन्य जीव संरक्षण पर विशेष प्रयास करें। सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों का यहां नियमित भ्रमण करवाया जाए ताकि वे वन्य जीवन से जुड़ी जानकारी से रूबरू हों और पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्ती भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि बर्ड फेस्टिवल जैसे आयोजनों से यहां की स्थानीय कलाओं व टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। राजस्थान की अर्थव्यवस्था पर्यटन व खनन पर निर्भर करती है। जिले का ताल छापर अभयारण्य संपूर्ण विश्व में विशेष पहचान रखता है। हम सभी मिलकर ताल छापर को पर्यटकों को आकर्षित करने वाला डेस्टिनेशन बनाएं। इसमें मीडिया, सोशल मीडिया, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व नागरिकों का भरपूर सहयोग रहे। इससे स्थानीय विशेषताओं को भी प्रमोट करने का मौका मिलेगा और प्रयास करें कि प्रतिवर्ष बर्ड फेस्टिवल जैसे आयोजन किए जाएं। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि जिला प्रशासन की मंशा है कि बर्ड फेस्टिवल जैसे आयोजनों से इको टूरिज्म और लाइवलीहुड को बढ़ावा मिले व यहां की क्षेत्रीय विशेषताएं बड़े पैमाने पर नजर आएं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय कलाओं को प्रोत्साहन मिलेगा और यह एक एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित होगा, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। हम सभी आगे आएं और अपने जिले की समृद्ध विरासत को सहेजते हुए आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि पक्षी उत्सव से यहां आने वाले पर्यटकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व नागरिकों, स्कूली विद्यार्थियों व भावी पीढ़ी में जागरूकता बढ़ेगी और प्रकृति संरक्षण की दिशा में सकारात्मक परिणाम हमारे सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि हम भावी पीढ़ी को प्रकृति व प्राकृतिक धरोहर से परिचित करवाते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में जोड़ें। इससे हमारे संपूर्ण देश का भविष्य निश्चित होगा। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय नागरिकों, मीडियाकर्मियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व आयोजक टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। श्रवण माली ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अतिथियों, नागरिकों, विद्यार्थियों, मीडियाकर्मियों व आयोजक टीम को बर्ड फेस्टिवल के सफल आयोजन में भागीदारी के लिए आभार जताया। संचालन मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा, मुकुल भाटी व शंकरलाल सारस्वत ने किया। इस दौरान सीताराम भोभरिया, सुजानगढ़ एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, रेंजर उमेश बागोतिया, कानूनगो कन्हैया स्वामी, सीबीईओ सुनीता, एसीबीईओ मंजू, पुरुषोत्तम चौहान, रामचंद्र मेघवाल सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।





### विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं व प्रतिभागियों का किया सम्मान

समापन समारोह में अतिथियों ने ऑफलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम रुचि जांगिड़, द्वितीय दीपिका प्रजापत, तृतीय मंजू प्रजापति व सांत्वना पुरस्कार से पूजा मेघवाल, ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम बिंदु कुमारी, द्वितीय किरण कोली, तृतीय सौरव प्रजापत, ऑनलाइन फोटोग्राफी में प्रथम बाबू सहदेवन, द्वितीय आशीष परिहार, तृतीय हिमांशु शर्मा और वॉल पेंटिंग कॉम्पटीशन में प्रथम रामावतार भाटिया, द्वितीय अशोक प्रजापत व तृतीय विनायक मेघवाल को प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इसी क्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं प्रतिभागियों व आयोजन में सहयोगी भूमिका निभाने वालों देवेंद्र मिस्त्रा, डॉ अनिल छंगानी, डॉ ममता शर्मा, शुभांकर विश्वास, उर्मिला, मोनिका, अमरजीत, सीडीपीओ गौरव, सुरेश, चरण सिंह घोटड़, मुकुल भाटी, गुलाबचंद मेघवाल, डॉ नीरज सक्सेना, रचना पारीक, लक्ष्मण सिंह पूनिया, एसीईओ दुर्गा ढाका, मंजू पंवार, प्रकाश देवी, चंचल जैन, माणकचंद नाहटा, गीता रानी, हरकेश, अनवर खान, निर्मल कुमार स्वामी, दिनेश कुमार दर्जी, किशनाराम मंडा, नानूराम, महिपाल, संदीप मणौत, रमेश कुमार सुथार, सुनील प्रजापत, पुरुषोत्तम चौहान, सुरेश रतावा, राजूराम, स्वरूप कंवर, सुरेश कुमार, सरला स्वामी, सहीराम, महेंद्र लेखाला, रामरति मीणा, कमला देवी, रिछपाल, विदिशा शर्मा, रामूराम गोदारा, अतुल, ओमप्रकाश, सोहन राम, सुदेश कुमार, मोनिका, मुकेश कुमार, अयूब अली, प्रीति, कौशल्या, प्रभा, कोमल, पार्थ सोनी, कन्हैयालाल स्वामी, विकास सैनी, गजानंद, पुखराज, गोविंदराम, टोनी आर्य, जितेंद्र स्वामी, शंकर लाल शर्मा, प्रवीण कुमार, अशोक, मीडियाकर्मियों व आयोजन की टीम में शामिल प्रतिनिधियों को सम्मान पत्र व आभार पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

### विभिन्न गतिविधियां आयोजित

बर्ड फेस्टिवल के दूसरे दिन रविवार को बर्ड वाचिंग प्रतियोगिता के साथ गाइडेड पक्षी दर्शन भ्रमण, शैक्षणिक वार्ता, 'वन्यजीव संरक्षण और सतत पारिस्थितिकी पर्यटन' समूह चर्चा, बर्ड फीडर बनाना व स्थापित करना सहित गतिविधियां आयोजित की गई। वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ देवेंद्र मिस्त्री, डॉ अनिल छंगानी, डॉ ममता शर्मा, पशु चिकित्सक डॉ प्रदीप सोनी, गाइडर आनंद प्रसाद, तमिलनाडु से रेंजर डॉ पशुपति आदि विशेषज्ञों ने पक्षियों से जुड़ी रोचक जानकारी साझा की। सुरेश रतावा ने कन्हैयालाल सेठिया की साहित्यिक रचनाओं की प्रस्तुति दी। विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों के विद्यार्थियों ने अभयारण्य का भ्रमण किया और अभयारण्य से जुड़ी जानकारी ली। समूह चर्चा के दौरान पक्षी विशेषज्ञों से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया।

## महाकुंभ स्नान कर पहुंचे श्रद्धालुओं का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** कस्बे में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ शाही स्नान के लिए गए श्रद्धालुओं का शनिवार को देर शाम कस्बे में पहुंचने पर स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष गीदाराम सैनी व हरीश शर्मा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में शाही स्नान व मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन कर लगभग 50 श्रद्धालुओं का दल उदयपुरवाटी पहुंचने पर आतिशबाजी करते हुए स्वागत किया। इस दौरान दीपक सैनी, शैतान सैनी, रामू सैनी, संदीप सोनी, बाबा अशोक सैनी, सुनीता सैनी, आईश सैनी के नेतृत्व में सभी का पुष्प माला एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बाबा कृष्ण गोपाल वैष्णव भीलवाड़ा, गीदा राम सैनी, हरीश शर्मा, किशोर सैनी, मधुसूदन शर्मा, बनवारी लाल सैनी, मेघराज सैनी, किशोर सिंह, सहित अन्य लोगो ने प्रयागराज स्नान कर सकुशल वापस उदयपुरवाटी लोटने पर हर्षाराम सैनी,दीपक सैनी, ललित सोनी, रामू सैनी, कमल सैनी, लक्ष्मण सैनी, शैतान सैनी, मुकेश सैनी, रामधन कटारिया, श्रवण कुमार सैनी, संदीप सोनी, बाबा अशोक सैनी, राधेश्याम सैनी, सुमित सैनी, सुनीता सैनी, आईशा सैनी, कृष्ण सैनी, सरोज सैनी ने पुष्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

## आरएएस प्री परीक्षा में 54.44 फीसदी रही उपस्थिति

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिले में आरएएस प्री परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से रविवार को संपन्न हुई। परीक्षा समन्वयक व एडीएम अजय कुमार आर्य ने बताया कि जिले में कुल 28,583 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 15,561 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, वहीं 13022 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उपस्थिति का प्रतिशत 54.44 फीसदी रहा। परीक्षा के दौरान कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

## पुलिस लाइन में चोरीः महिला कॉस्टेबल के क्वार्टर का ताला तोड़कर जेवरात ले गए चोर

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं पुलिस लाइन में एक महिला कॉन्स्टेबल के सरकारी क्वार्टर पर सेंध लगा दी। क्वार्टर का ताला तोड़कर लाखों रूपए के जेवरात ले गए। वारदात के दौरान महिला कॉस्टेबल छुट्टी पर गई थी। जब वापस लोटी तो क्वार्टर का ताला टूटा हुआ मिला। इधर पुलिस लाइन में इस तरह की घटना होना चर्चा का विषय बनी रही। इस संबंध में महिला कांस्टेबल मुकेश कुमारी ने



कोतवाली थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दी है। छुट्टी लेकर अपने घर गई थी। क्वार्टर पर ताला लगा हुआ था। वापस क्वाटर पहुंची तो गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था। एक तोला सोने की गलसरी, एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायल, बच्चे के हाथ पांव के छड़ व कडुला गायब थे। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। कोतवाली थानाधिकारी ने बताया कि मौका मुआयना किया। कांस्टेबल की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही अज्ञात लोगों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## बर्ड फेस्टिवलः कलाकारों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां





जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला प्रशासन, वन विभाग, छापर नगरपालिका व संप्रीति फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित बर्ड फेस्टिवल -2025 अंतर्गत शनिवार शाम को विशाल सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने दीप प्रज्वलन कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया व मरूधर स्कूल के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में गायक कलाकार रविन्द्र उपाध्याय, नृत्य कलाकार शहनाज फोगां, वाद्य यंत्र व गायक कलाकार युसूफ खान मेवाती की टीम, पक्षी विशेषज्ञ देवेन्द्र मिस्त्री ने मोरचंग व पक्षियों की आवाज, ऋचा मिस्त्री ने गिटार पर राजस्थानी संगीत आदि शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोहा। छापर नगरपालिका अध्यक्ष श्रवण कुमार माली ने कलाकारों का स्वागत व अभिनंदन किया। सुजानगढ़ नगरपरिषद सभापति नीलोफर गौरी ने कलाकारों का सम्मान किया। ईओ भवानी शंकर व्यास ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया। इस दौरान सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया, सुजानगढ़ एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, बीदासर एसडीएम अमीलाल, सुजानगढ़ तहसीलदार राजू देवी, कानूनगो कन्हैयालाल स्वामी, रामकरण जाट, महेश शर्मा, मुदित तिवारी, पार्थ सोनी, चंद्रप्रकाश पेड़ीवाल, शंकरलाल सारस्वत, गजानंद स्वामी, देवकीनंदन सेन, मुकेश धाणक सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, पक्षी विशेषज्ञ व नागरिक मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा का स्वागत

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** सुभाष चौक पर रविवार को नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा का स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष मंगतूराम चोटिया ने साफा पहनाकर नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया। कार्यकर्ताओ ने प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण व जिले के सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बसंत शर्मा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, मैं सभी कार्यकर्ताओ को साथ लेकर भारतीय जनता पार्टी को आगे बढ़ाएगे और आने वाले निकाय चुनाव व पंचायत चुनाव में पार्टी का परचम लहराएगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर सुरेश सारस्वत, दिनेश शर्मा, राधेश्याम सैनी, संतोष महनसरिया, धर्मेन्द्र राकसिया, विजय बावलिया, महेन्द्र चौबें, विश्वनाथ राजगुरू, गोपीराम शर्मा, श्रीराम पीपलवा, विमला गढ़वाल, मोहनलाल गढ़वाल, आकाश सैनी, जुगल पाण्डे, कैलाश शर्मा, सीपी शर्मा, सत्तार खान, हाजी सरीफ, अजय तंवर, धनश्याम शर्मा, योगेश गौड़, महेश मिश्रा, विनोद ओझा, जयप्रकाश प्रजापत, प्रकाश नायक, दाउद थीम, भंवर गुर्जर, मुकेश निर्बाण, मदन राजपुरेहित, रावतराम गढ़वाल, ओमप्रकाश मोटेका, असलम डायर, राकेश ओझा, मुकेश ओझा, प्रेम ओझा, राकेश शर्मा, मनोज भालेरीवाला, रामसिंह निर्बाण, रवि बंसल, नागेन्द्र टिमटिमिया, राजकुमार ठठेरा, हरिप्रसाद मोहता, विष्णू मोहता, आन्नद रैगर, ओमप्रकाश इन्दोरिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छात्राओ के साथ छेड़छाड़ करने वाले दो सरकारी 'मास्साब' गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** झुंझुनूं जिले में गुरू का दर्जा प्राप्त दो सरकारी अध्यापको ने छात्राओं से छेड़छाड़ कर शर्मसार कर देने वाला शर्मनाक कृत्य किया है। वही पुलिस ने इन दोनो सरकारी अध्यापकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह राजकीय विद्यालय में पढ़ रही थी। मेरे स्कूल के अध्यापक नाथूराम पुत्र रामेश्वर जाट निवासी नीम की ढाणी ने मुझे परीक्षा में अच्छे नंबर से पास करवाने का बोलकर मेरे साथ व्हाट्सएप नंबर पर अपने व्हाट्सएप नंबर से लगातार अश्लील एसएमएस करके मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। उसके पश्चात अध्यापक नाथूराम ने अध्यापिका गुलाबो देवी के जरिए मुझे अपने कमरे में बुलाया और मेरे साथ जबरदस्ती छेड़छाड़ करने लग गया तब मैंने विरोध किया और जैसे-तेसे मैंने अपने आपको बचाते हुए वहां से छुड़ाकर आ गई। उस घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।



थानाधिकारी राम मनोहर गुढ़ागौड़जी ने अनुसंधान शुरू किया गया। इसी प्रकार एक अन्य बालिका ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई। राजकीय विद्यालय में पढ़ रही हूं मेरे स्कूल में हमें पढ़ने वाले अध्यापक ताराचंद सैनी ने मुझे अच्छे नंबर से पास करने बोलकर मुझसे कहा कि तुम्हें मेरे साथ गलत काम करना होगा इसके लिए ताराचंद ने मेरे ऊपर लगातार दबाव बनाया और उनसे हरकत करके और एक अध्यापिका गुलाबो देवी भी इसका साथ देती थी। मुझे धमकाया कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो तुम्हारा स्कूल से नाम काट दूंगी और तुम्हारे पिताजी पर झूठा मुकदमा लगवा दूंगी। गुलाबो देवी ने मुझ पर दबाव बनाते हुए कहा कि ताराचंद जैसे कह रहे हैं वैसे करती रहो। तभी अध्यापक ने मेरा हाथ पकड़कर स्कूल के कमरे में ले गया। गलत हरकत करने लगा और मेरे साथ जबरदस्ती गलत काम करने का प्रयास किया। इस पर राम मनोहर पुलिस निदेशक थाना अधिकारी पुलिस के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया जाकर दोनों छात्राओ के साथ छेड़छाड़ करने वाले नाथूसिंह जाखड़ निवासी नीम की ढाणी बामलास निवासी थाना नागौर व ताराचंद सैनी निवासी हनुमान सागर की ढाणी माधोपुर जिला सीकर को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मौके पर राम मनोहर पुलिस थानाधिकारी गुढ़ा गोडजी, कैलाश, रामअवतार, हरेंद्र, प्रियंका, इंद्रसिंह, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## साईबर फ्रॉड के 32 हजार रुपए और 21 मोबाइल फोन रिफण्ड कराए

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** साईबर अपराधों पर प्रभावी अकुंश के लिए पुलिस की ओर से चलाए गए 'साईबर शिल्ड' अभियान पीड़ितों के लिए वरदान बन रहा है। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए तारानगर उप पुलिस अधीक्षक रोहित सांखला के सुपरविजन व तारानगर थानाधिकारी गौरव खिडिया के निर्देशन में तारानगर थाने में साईबर पोर्टल पर कार्यरत कॉंस्टेबल ओमप्रकाश, जयवीर ने साईबर पोर्टल पर प्राप्त शिकायत पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए साईबर फ्रॉड के हुए 32 हजार रूपए की राशि वापस परिवादी के खातो में रिफण्ड करवाई गई। गुमशुदा / चोरीशुदा एप्पल फोन सहित विभिन्न स्थानों से कुल 21 मोबाईल फोन बरामद कर परिवादियों को दिए गए। थानाधिकारी खिड़िया ने बताया कि हॉल्ड राशि रिफण्ड करवाने की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है।



## युवक के अपहरण की सूचना ने करा दी पुलिस की परेड, झूठी निकली



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनू के मण्डावा कस्बे में देर शाम एक युवक की अपहरण की सूचना से अफरा- तफरी मच गई। रात तक पुलिस की खूब परेड हुई। बाद में मामला दोस्तों में आपसी विवाद निकला। एएसआई मुलायम सिंह ने बताया कि शनिवार देर शाम को एक युवक के अपहण की सूचना मिली थी। कुछ लोग एक युवक का गाड़ी में अपहरण करके ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही गाड़ी का पीछा किया। हालांकि, बाद में यह खुलासा हुआ कि यह घटना किडनैपिंग की नहीं थी। शुरुआती जांच में सामने आया कि झुंझुनूं से आए युवक और उसके दोस्तों के बीच एक मामूली विवाद था। इस कारण वह युवक अपने दोस्तों के साथ नहीं जाना चाहता था। अन्य साथी उसे जबरदस्ती गाड़ी में डालकर ले जा रहे थे, जिसे किडनैपिंग जैसा समझा गया। युवक को गाड़ी में ले जाने के सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। जिससे अफरा- तफरी मच गई थी। पुलिस ने गाड़ी का पीछा कर युवकों को पकड़ा तो मामले की हकीकत सामने आई। पुलिस ने कार में सवार चार जनों को शांति भंग में गिरफ्तार किया है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।